कृष्ण पक्ष 10 , 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 210 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
24 जनवरी 2025 शुक्रवार

**आज का मौसम**
26 अधिकतम
10 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


Page- 7

## अहिल्या नगरी महेश्वर में मोहन यादव मंत्रिपरिषद का नया रोडमैप हो रहा तैयार

# सुशासन की दिशा में बढ़े नए कदम महिला शक्ति को वंदन और नशे को नो

### सरकार के सामाजिक सरोकार

**महेश्वर/भोपाल,दोपहर मेट्रो**

मप्र सरकार आज अहिल्या नगरी पहुंची है। सीएम मोहन यादव समेत सभी मंत्री सरकार के कामकाज का रोडमैप बना रहे हैं। इस कैबिनेट बैठक में सरकार अपने चार मिशन समेत कई नीतिगत निर्णयों पर आगे बढ रही है। इनमें शराबबंदी से लेकर महिला शक्ति मिशन,लोक परिवहन आदि पर शामिल हैं। पवित्र व पर्यटन नगरी महेश्वर में देवी अहिल्याबाई के 300वीं जयंती वर्ष को समर्पित डेस्टिनेशन कैबिनेट बैठक में 17 नगरों में शराब बंदी को लेकर भी फैसला लेने से पहले मंथन हो रहा है।इससे पहले देवी अहिल्या घाट पर पूजन-अभिषेक के बाद मुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल के सहयोगी किले पर काले पाषाणों से उकेरी गई शिल्पकला को देखने पहंचे । इसके बाद देवी अहिल्याबाई की राजगद्दी व देव पूजा के साथ स्वर्ण झूले के दर्शन के साथ बैठक शुरू हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महेश्वर कैबिनेट को सार्थक करने के लिए महिला शक्ति मिशन और शराबबंदी के निर्णयों की तरफ बढ़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब से कई बुराई परेशानियां आती हैं। खास बात यह है कि 21 साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री उमा भारती के नेतृत्व में महेश्वर में मप्र कैबिनेट की बैठक हुई थी। आज






बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव महेश्वरी साड़ी तैयार करने वाली महिला बुनकरों से संवाद करने भी पहुंच रहे हैं। क्योंकि बैठक में महेश्वर के साथ प्रदेश के विकास के लिए कई नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं। इसके बाद मंडलेश्वर में आमसभा होगी।मुख्यमंत्री मंडलेश्वर में 982 करोड़ 59 लाख की महेश्वर-जानापाव उद्वहन सिंचाई योजना का शिलान्यास भी करेंगे। इस योजना से तीन जिलों में पानी पहुंचेगा।

**मालवी भोजन:** कैबिनेट में शामिल होने वालों के लिए 17 प्रकार के मालवी व निमाड़ी व्यंजन तैयार कराएगए हैं।

**जनता की इन सौगातों पर विचार:** सरकार लोक परिवहन नीति ला सकत है। इसकी घोषणा पूर्व में ही हो चुकी है। धार्मिक नगरों से आगे बढ़कर कई क्षेत्रों में सरकार चरणवार शराबबंदी पर सकारात्मक विचार कर सकती है। स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा शक्ति मिशन शुरू कर चुकी सरकार गरीब कल्याण मिशन को पिछली कैबिनेट बैठक में मंजूरी दे सकती है। महिलाओं के उत्थान के लिए काम करने वाली देवी अहिल्या बाई की नगरी में महिला सशक्तिकरण मिशन को हरी झंडी मिलने की संभावना है। मिशन में महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, उपक्रमों में उनकी मदद लेने और महिलाओं को शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया जाना है।

### इन 17 शहरों में शराब बंदी

प्रदेश में शुरूआती चरण में अगर शराबबंदी पर प्रतिबंध लगा तो उज्जैन सहित प्रदेश के 17 धार्मिक शहरों में शराबबंदी लागू हो सकती है। इनमें अमरकंटक, महेश्वर, ओरछा, ओंकारेश्वर, मंडला, मुलताई, दतिया, जबलपुर, चित्रकूट, मैहर, सलकनपुर, मंडलेश्वर, मंदसौर, बरमान और पन्ना के नाम शामिल हो सकते हैं।

## जन्मजात नागरिकता: ट्रंप के आदेश पर कोर्ट ने 14 दिन का स्टे लगाया

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिका की फेडरल कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के जन्मजात नागरिकता अधिकार समाप्त करने के फैसले पर 14 दिनों के लिए रोक लगा दी। फेडरल कोर्ट के जज जॉन कफनौर ने वॉशिंगटन, एरिजोना, इलिनोइस और ओरेगन राज्य की याचिका पर यह फैसला सुनाया। खबरों के मुताबिक बहस के दौरान जस्टिस डिपार्टमेंट के वकील को टोकते हुए जज जॉन कफनौर ने पूछा- इस आदेश को संवैधानिक कैसे मान सकते हैं। यह दिमाग चकरा देने वाला है। यह साफतौर पर असंवैधानिक आदेश है।

जज कफनौर ने कहा कि वो 40 साल से भी ज्यादा समय से बेंच पर हैं, लेकिन उन्हें ऐसा कोई दूसरा मामला याद नहीं है, जिसमें केस स्पष्ट रूप से इतना असंवैधानिक हो। मुझे यह समझने में परेशानी हो रही है कि कोई वकील कैसे कह सकता है कि यह आदेश संवैधानिक है। मामले की अगली सुनवाई 5 फरवरी को होगी। दरसअल ट्रम्प ने



अपने शपथ ग्रहण वाले दिन यानी 20 जनवरी को एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर बर्थ राइट सिटीजनशिप पर रोक लगा दी थी। इससे हर साल 1.5 लाख नवजातों की नागरिकता पर संकट आ गया। इस आदेश को लागू करने के लिए 30 दिन यानी 19 फरवरी तक का समय दिया गया है।.ट्रम्प के इस फैसले के बाद मंगलवार को 22 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने दो फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में इसके खिलाफ मुकदमा दायर कर आदेश को रद्द करने के लिए कहा था। अमेरिका उन 30 देशों में से एक है जहां जन्मजात नागरिकता या जूस सोली (मिट्टी का अधिकार) का सिद्धांत लागू होता है।

## बिहार में 65 साल की महिला से गैंगरेप, दो गिरफ्तार

**लखीसराय, एजेंसी।**

यहां एक मामूली बात पर विवाद के बाद एक 65 साल की महिला के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया। यहां सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के नवाबगंज गांव में सिगरेट नहीं देने के पर कुछ युवकों ने महिला को पहले बेरहमी से पीटा और फिर उसके बाद घर से काफी दूर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया.फिलहाल पीड़िता इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताते हैं कि बीती देर रात तीन से चार की संख्या में दबंग महिला के दुकान पर पहुंचे और सिगरेट मांगने लगे.वह महिला से दुर्व्यवहार करने लगे तो महिला के सिगरेट देने से मना किया. इसपर दबंगों ने महिला के घर का दरवाजा तोड़कर पूरी घटना को अंजाम दिया. घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है।

### हैप्प्पी वाइफ हैप्पी लाइफ के बाद...

## वीरेंद्र सहवाग की पत्नी से खटपट तलाक की नौबत


**नईदिल्ली, एजेंसी।**



भारतीय क्रिकेटर्स में युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के अलग होने की बात हो रही है। मनीष पांडे और आश्रिता शेट्टी के बीच भी सबकुछ ठीक नहीं बताया जा रहा। दोनों ने सोशल मीडिया से एक दूसरे की फोटो तक हटा दी है। अब पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग का शादी के 20 साल बाद अपनी पत्नी आरती अहलावत से तलाक की खबर आई हैं। सहवाग ने पत्नी आरती के लिए सोशल मीडिया पर आखिरी पोस्ट 2023 में किया था। तब उन्होंने दुबई की एक फोटो शेयर की थी। इसमें उन्होंने कैप्शन में लिखा था- जीने और सपने देखने के बीच कहीं। इसके साथ ही उन्होंने हैशटैग में हैप्पी वाइफ हैप्पी लाइफ डाला था। इस पोस्ट के करीब 21 महीने हो चुके हैं। इस दौरान सहवाग ने पिछले साल एनवर्सिरी पर भी पोस्ट नहीं किया। अब उनकी पत्नी ने उन्हें अनफॉलो भी कर दिया है।

## उत्तरकाशी के कई इलाकों में दो बार भूकंप के झटके

**देहरादून, एजेंसी**



उत्तरकाशी और आसपास के कई इलाकों में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। दहशत के चलते लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों में भय का माहौल है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सभी तहसीलों से जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि पहले सुबह करीब 7 बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप के कारण वरुणावत पर्वत के भूस्खलन जोन से मलबा और पत्थर गिरे। इसके बाद दोबारा 8 बजकर 19 मिनट पर फिर झटके महसूस हुए, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.5 रही।भूकंप का केंद्र जमीन से पांच किमी नीचे उत्तरकाशी में था। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने अधिकारियों को जिले की सभी तहसील क्षेत्रों में भूकंप के असर के बारे में सूचना जुटाने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल जिले में कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

## महाराष्ट्र के भंडारा में आर्डिनेंस फैक्ट्री में धमाका, 5 मौतें

**भंडारा, एजेंसी।**

महाराष्ट्र के भंडारा में आर्डिनेंस फैक्ट्री में धमाका हो गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। ब्लास्ट के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक, धमाके से छत गिर गई थी जिसे जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है। इसके नीचे 12 लोगों के दबे होने की आशंका है। 2 लोगों को निकाल लिया गया है। फैक्ट्री में एंबुलेंस और दमकल की गाड़ी पहुंच गई है। आर्डिनेंस फैक्ट्री में ब्लास्ट की आवाज 4-5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। आसमान में उठता धुआं भी कई किलोमीटर दूर से दिखाई दिया। डिफेंस के मुताबिक फैक्ट्री के हिस्से की छत गिर गई है जिसे जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है। वहां कुल 12 लोग दब गए थे।

**मेट्रो एंकर** सीआईएसएफ ने मेट्रो नेटवर्क की सुरक्षा के लिए 13,000 कर्मियों की तैनाती की

# मेट्रो के भुलक्कड़: 40 लाख रुपए नकद, 89 लैपटॉप और 193 मोबाइल फोन भी छोड़ गए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मेट्रो में सवार होने के बाद मुसाफिर सचमुच भुलक्कड़ हो जाता है या वह अपने सफर की हड़बड़ी में उलझ जाता है मेट्रो अब दिल्ली मुंबई के बाद कई अन्य राजें में भी चल रही हैं या चलाई जाने वाली हैं। इसलिए यह सवाल दिलचस्प है। दरअसल, हाल में आई एक जानकारी में भुलक्कड़ मुसाफिरों का चित्र उभर रहा है। हाल में बीते 2024 के दौरान दिल्ली में मेट्रो यात्रियों द्वारा छोड़े गए सामान में 40 लाख रुपये से अधिक की नकदी, 89 लैपटॉप, 193 मोबाइल फोन और नौ मंगलसूत्र शामिल हैं । केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा एकत्र सभी सामान को वेरीफाई करने के बाद उनके मालिकों को लौटा दिया गया राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 250 से अधिक स्टेशन और 350 किमी से ज्यादा रेल ट्रैक पर फैले सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क की सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल पर है। खबरों के मुताबिक यात्रियों द्वारा कई वस्तुएं स्टेशन में एक्स-रे स्कैनर के पास भूलवश छोड़ दी गई थीं। आंकड़ों के अनुसार 40.74 लाख रुपये नकद के अलावा, सीआईएसएफ कर्मियों ने 89 लैपटॉप, 40 घड़ियां और 193 मोबाइल फोन बरामद किए. बरामद वस्तुओं में 13 जोड़ी पायल,



अंगूठी और चूड़ियां भी हैं। सीआईएसएफ कर्मियों ने मेट्रो परिसर से विदेशी मुद्रा भी बरामद किए जिनमें अमेरिकी डॉलर, सऊदी रियाल और थाई बहत शामिल हैं. उन्हें भी उनके मालिकों को लौटा दिया गया है। गौरतलब है कि सीआईएसएफ ने दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की सुरक्षा के लिए 13,000 पुरुष और महिला कर्मियों की तैनाती की है। प्रतिदिन लाखों यात्री दिल्ली और उसके आसपास के शहरों जैसे नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद की यात्रा के लिए दिल्ली मेट्रो का उपयोग करते हैं।

### मेट्रो में आत्महत्या के कई मामले भी

सिर्फ यही नहीं एजेंसी ने पिछले साल दिल्ली मेट्रो नेटवर्क में आत्महत्या के प्रयास के 59 मामले दर्ज किए. इनमें से 23 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, तीन को बचा लिया गया और 33 लोग घायल हुए। सीआईएसएफ कर्मियों ने यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा जांच के दौरान 75 कारतूस और सात आग्नेयास्त्र भी बरामद किए ।कुल 262 बच्चों को अकेले यात्रा करते हुए पाया गया और उन्हें उनके माता-पिता, स्थानीय पुलिस या चाइल्ड हेल्पलाइन स्वयंसेवकों को सौंप दिया गया. इसी तरह, परेशान 671 महिला यात्रियों को भी मदद प्रदान की गई।



## फाइनल रिहर्सल


भोपाल, दोपहर मेट्रो। लाल परेड ग्राउंड पर 26 जनवरी के लिए परेड की फाइनल रिहर्सल हुई।

माशिमं बोर्ड परीक्षा: 562 संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्रों के लिए स्टाफ से लेकर सबकुछ मुख्यालय से तय

# प्रदेश के 3887 केंद्रों पर प्रदेश, संभाग और जिला स्तर की टीमें रखेंगी नजर

## सीसीटीवी कैमरों को सीधे माशिमं से जोड़ने की तैयारी, कंट्रोल रूम से भी पहुंचेगी टीम

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल ( माशिमं ) की कक्षा दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होंगी। इन परीक्षााओं को लेकर माशिमं ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। परीक्षा केंद्रो को लेकर डीईओ-जेडी को निर्देश दिए गए है। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के साथ स्टाफ को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसके साथ ही परीक्षाओं के दौरान नकल रोकने के लिए प्रदेश, संभाग और जिला स्तर पर टीमों के गठन को लेकर भी तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए नामों की सूची तैयार की जा रही है। माशिमं से सूची पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वहीं परीक्षा केंद्रो के सीसीटीवी कैमरों को सीधे माशिमं के कंट्रोल रूम से जोड़ने की भी तैयारी। ताकि माशिमं मुख्यालय से ही सभी केंद्रो पर नजर रखी जा सके। खास बात यह भी है कि इस बार परीक्षा केंद्रो से लेकर स्टाफ को लेकर मंडल द्वारा विशेष नजर रखी जा रही है। पूर्व के प्रकरणों को देखते हुए माशिमं इस विशेष सतर्कता बरत रहा है।

**25 फरवरी से शुरू होगी परीक्षा:** बता दें कि माशिमं की 10वीं व 12वीं परीक्षा 25 फरवरी से शुरू हो रही है। दो




कक्षाओं की परीक्षा में इस साल विद्यार्थियों की संख्या पिछले साल के मुकाबले करीब 47 हजार कम है। इस साल दोनों कक्षाओं में 16.60 लाख विद्यार्थी और पिछले साल 17.07 लाख शामिल हुए थे। इस बार प्रदेश में 3887 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 562 संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। इस बार बड़े शहरों के निजी स्कूलों में अधिक केंद्र बनाए गए हैं। भोपाल जिले में 51 सरकारी व 52 निजी स्कूलों में केंद्र बनाए हैं।

### केंद्र अध्यक्षों के नामों को लेकर फंसा पेंच

मंडल ने परीक्षा केंद्रो का चयन करने के साथ ही केंद्र अध्यक्षों की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसको लेकर सभी जिलों को निर्देश जारी किए गए है। इसके साथ मापदंड भी तय किए गए है, जिसके अनुसार ही केंद्र अध्यक्षों के नामों का चयन किया जाएगा। हालांकि माशिमं सूत्रों के अनुसार, इस बार केंद्राध्यक्षों के नामों को लेकर पेंच फस गया है। बताया जा रहा है कि कुछ जिलों में अपने चहेते लोक सेवकों को पास के परीक्षा केंद्र दिलाने के लिए जोर लगाया जा रहा है। हालांकि माशिमं ने यह स्पष्ट किया है कि तय मापदंडों के अनुसार ही चयन किया जाएगा।

## कार्यशालाओं के निष्कर्ष पर क्रियान्वयन के लिए बनाएं व्यापक कार्य योजना: मंत्री परमार



**मंत्रालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में गठित भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति की बैठक**

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति की बैठक हुई। मंत्री परमार ने भारतीय ज्ञान परम्परा- विविध संदर्भ के अन्तर्गत विभिन्न आधारभूत विषयों पर संबंधित विश्वविद्यालयों में हुई कार्यशालाओं से प्राप्त महत्वपूर्ण निष्कर्ष पर विस्तृत विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परमार ने कहा कि पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा के समग्र समावेश के लिए विविध कार्यशालाओं से प्राप्त अनुशंसाओं पर आवश्यक क्रियान्वयन के लिए व्यापक कार्य योजना बनाई जाए। इसके लिए भारतीय ज्ञान परम्परा विविध संदर्भ के अन्तर्गत विभिन्न आधारभूत विषयों पर आवंटित संबंधित विश्वविद्यालयों को ही नोडल एजेंसी बनाएं एवं विषय अनुरूप समिति का गठन कर व्यापक कार्ययोजना के साथ क्रियान्वयन करें। मंत्री परमार ने चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय के लिए समग्र कार्य योजना बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन करें, इसमें प्रदेश के समस्त प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्यों, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारियों, समस्त विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों, केन्द्रीय अध्ययन मंडल के सदस्यों एवं भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति के सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर मंत्री परमार ने मप्र हिंदी ग्रन्थ अकादमी द्वारा संपादित एवं प्रकाशित भारतीय ज्ञान परम्परा पुस्तक का विमोचन भी किया।

## कबड्डी प्रतियोगिता चिल्ड्रेन होप इंडिया स्कूल बना विजेता

**टीम को स्मृति चिन्ह, गोल्ड मेडल और 3000 की नगद पुरस्कार**

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**



चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल, गांधीनगर की छात्राओं ने टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल पटेल नगर में आयोजित इंटर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। टीम कोच प्रियंका शर्मा के प्रशिक्षण के कौशल के साथ मैदान में उतरी थी। विजयी टीम में प्रियांशी सोलंकी, निशा बंजारा, आन्या श्रीवास्तव, हनी विश्वकर्मा, कनिष्का जैन, समीक्षा विश्वकर्मा, जोया शेख, नैंसी शर्मा, परि पेमल, कनक परमार, आरुषि वर्मा, महक प्रजापति, प्रिंसी सनी काले शामिल थीं। टीम को स्मृति चिन्ह, गोल्ड मेडल और 3000 की नगद पुरस्कार दिया गया। चिल्ड्रेंस होप इंडिया गर्ल्स स्कूल की प्रबंधन समिति के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने विजेता टीम और उनकी कोच को बधाई दी है। साथ ही संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, प्राचार्य प्रिया जैन शर्मा, कोऑर्डिनेटर लता आसनानी समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विजेता टीम को कामयाबी के लिए बधाई दी है।

## डीपीआई: राज्य स्तरीय अंतरिम ग्रेडेशन सूची पर काम शुरू, डीईओ ने संकुलों से मंगाया ब्यौरा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा राज्य स्तरीय अंतरिम ग्रेडेशन सूची जारी होने के बाद इस पर काम शुरू हो गया है। इसको अंतिम रूप देने की जिम्मेदारी संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण और जिला शिक्षा अधिकारियों को सौंपी गई है। ऐसे में प्रदेश के सभी जिलों में डीईओ ने आदेश जारी करते हुए संकुल प्राचार्यों से ब्यौरा तलब किया। 25 फरवरी तक संयुक्त संचालक द्वारा ग्रेडेशन सूची की हार्डकॉपी संचालनालय को भेजनी होगी। यही सूची आगामी शैक्षणिक सत्र में शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार देने का आधार बनेगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि शिक्षक उच्च पद के प्रभार के बाद भले ही किसी भी संभाग में कार्यरत हों, उनका मूल संवर्ग उनके मूल संभाग में ही मान्य होगा और ग्रेडेशन लिस्ट में उनका नाम उच्च श्रेणी शिक्षक के रूप में मूल संभाग में ही दर्ज रहेगा।

### जेडी-डीईओ करेंगे अंतिम रूप देने का काम, 25 फरवरी तक कार्य करना होगा पूरा




**भिन्नता होने पर अपने दावे-आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे:** दरअसल, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक और प्रधानाध्यापक माध्यमिक शाला के लिए राज्य स्तरीय अंतरिम ग्रेडेशन सूची जारी की है।?यह सूची माध्यमिक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक और प्रधानाध्यापक मिडिल स्कूल के लिए 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में जारी की गई है। संचालनालय ने निर्देश दिए हैं कि शिक्षकों को लिस्ट का अवलोकन कराया जाएगा, जिससे वे जानकारी में किसी भी प्रकार की भिन्नता होने पर अपने दावे-आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे। शिक्षक अपनी आपत्तियां संकुल प्राचार्य को सौंपेंगे, जो सेवा अभिलेखों से मिलान कर अपनी टिप्पणी के साथ जिला शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे। डीईओ द्वारा गठित जिला स्तरीय समिति इन दावों का परीक्षण करेगी।

**मेट्रो एंकर** | विशिष्टजनों ने बताया बच्चों को सुभाषचन्द्र बोस का जीवन

# बच्चों ने नेताजी के संघर्षपूर्ण जीवन को नाटक में प्रस्तुत किया

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। संतनगर के विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और नाटक और विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों ने नेताजी को याद किया। नवनिध पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्य अमृता मोटवानी ने नेताजी के साहस, पराक्रम और उनके द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। नेताजी के जीवन पर आधारित एक लघु नाटिका का प्रदर्शन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नेताजी के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा के संदेश, और उनकी आजाद हिंद फौज की स्थापना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

**साधु वासवानी स्कूल :** सुभाषचंद्र बोस जयंती पर शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने कहा कि जो




वीर देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देते हैं उन वीरों के कदमों में फूल भी चढ़ने के लिए तत्पर रहते हैं। देश की आजादी के लिए बलिदानियों को हमेशा याद रखना चाहिए। कार्यक्रम विवेक शर्मा, विद्यालय की प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल व विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। कविता के माध्यम से विद्यार्थियों ने नेताजी के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।


**दीपामाला संस्कार विद्यालय :** स्कूल के सभागार में नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने नेताजी के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। साथ ही कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत की शक्ति आकांक्षा प्रेरणा और निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करने की अदम्य भावना के प्रतीक थे। उनके आदर्शों, नेतृत्व क्षमता, जोशीले भाषण, देश भक्ति के नारे आज भी याद किये जाते है। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की वीरगाथा को प्रदर्शित किया गया।

**नवयुवक सभा :** अनंदराम टी. शाहानी कन्या उ.मा. विद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय में नेताजी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निबंध व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई एवम प्राचार्या ज्योति चौहान शिक्षकगण व विद्यार्थियों ने सुभाष चन्द्र बोस जी के जीवन पर अपने विचार रखे।

## आईएएस सक्सेना को कायस्थम - सम्मान



**भोपाल,** कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा जबलपुर जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना को प्रशासन के क्षेत्र में उनके द्वारा की गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कायस्थम - सम्मान प्रदान किया गया है। भोपाल में आयोजित कायस्थम - 2025 के आयोजन में व्यस्तता के कारण दीपक सक्सेना सम्मान लेने नहीं पहुंच पाए थे। कायस्थम मध्य प्रदेश के महासचिव अभय श्रीवास्तव ने आज कलेक्टर कार्यालय जबलपुर स्थित उनके कक्ष में उन्हें यह सम्मान भेंट किया। सक्सेना को कायस्थम - सम्मान, अंगवस्त्र, श्रीफल और प्रशस्ति - पत्र सौंप कर उन्हें सम्मानित किया।



300वें जन्म जयंती वर्ष पर

नारी सशक्तिकरण की आलोक स्तंभ

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर

के प्रति सम्मान स्वरूप पवित्र नगरी महेश्वर में

## मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक

अध्यक्षता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

एवं

₹983 करोड़ की महेश्वर जानापाव उद्वहन सिंचाई परियोजना का

शिलान्यास



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

24 जनवरी, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे

लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन धार्मिकता, त्याग और करुणा का प्रतीक रहा है। वह एक कुशल शासिका, आदर्श नारी और माता थीं, जिनकी कर्तव्यपरायणता, सुशासन, दानशीलता जैसे गुण हमें सद्मार्ग और सुशासन के जरिए लोक-कल्याण की असीम ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं। उनके व्यक्तित्व की आभा से पूरा समाज आज भी उन्हें अत्यंत श्रद्धा से याद करता है।

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

D-11164/24

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## संपादकीय

# राजनीति में बदलते दौर

राजनीति के मौजूदा दौर पर आजकल कुछ खास वर्गों में खूब चर्चा होती हैं चिंतन होता है लेकिन इसमें सुधार जैसा दौर दूर की कौड़ी लगता है। दरअसल ह बात हाल में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर स्टे से फिर उभरी है। सबसे दिलचस्प है कि इससे पहले ही उनके खिलाफ असम पुलिस ने गुवाहाटी में एक एफआईआर दर्ज की। दरअसल, देश में राजनीतिक बयानों पर कोर्ट में केस करने या एफआईआर दर्ज कराने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ी है और यह ढेर सारे सवाल भी खड़े करती है। अभी जिन दो मामलों का जिक्र किया गया है, उनमें राहुल गांधी के बयान राजनीतिक प्रकृति के हैं। मानहानि के केस में राहुल गांधी के उन बयानों पर आपत्ति जताई गई है, जिनमें उन्होंने कथित तौर पर भाजपा सदस्यों को झूठा और सत्ता के नशे में डूबा बताया है। गुवाहाटी में दर्ज प्राथमिकी का वास्ता उनके उस बयान से है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर भारत राज्य से संघर्ष की बात कही थी। हालांकि बात राहुल गांधी की हो या किसी अन्य नेता की, उनके बयानों से सहमत होना जरूरी नहीं है। यह दलील तो कदापि नहीं दी जा सकती कि तमाम बड़े राजनीतिक दलों के नेता देश के कानून से ऊपर हैं। यदि वे किसी कानून का उल्लंघन करते हैं तो कानूनी प्रक्रियाओं का सामना करने के लिए उन्हें तैयार भी रहना चाहिए लेकिन जब किसी लोकतंत्र में राजनीतिक बयानों को कानून व्यवस्था के सरकारी तंत्र के जरिए नियंत्रित करने का प्रयास होने लगे तो उसे अच्छा नहीं माना जा सकता। मगर दिक्कत यह भी है कि ऐसा अगर किसी एक पार्टी की सरकार में होने लग जाए तो दूसरे दल भी जहां उनकी सरकारें हैं, वहां पीछे नहीं रहते। पश्चिम बंगाल से लेकर कर्नाटक तक ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे, जब सत्तारूढ़ दल या नेता के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई। ~हालांकि यह नहीं कहा जा सकता कि ऐसे तमाम मामलों में सरकार और पार्टी के बड़े नेताओं की सहमति शामिल होती है। लेकिन ये बड़े नेता चाहें तो इस प्रवृत्ति पर रोक जरूर लगा सकते हैं। याद रखना चाहिए जिन पड़ोसी देशों में लोकतंत्र का मजाक बनता हुआ हम देखते हैं, उन सबमें विरोधी राजनीति को कानून की बलि चढ़ाकर ही सत्तातंत्र वहां तक पहुंच पाता रहा है। जहां तक भारतीय राजनीति की बात है तो वह दौर अब बहुत ही पुराना लगताहै जब आम सहमति यदि नहीं भी बनती थी तो राजनीतिक दलों के नेता एक दूसरे की आलोचना को बहुत स्वस्थ तरीके से लेते थे। कई ऐसे भी उदाहरण भारतीय राजनीति में मिल जाएंगे जब किसी नेता ने अपने विरोधी नेता को स्पेस दिया या उन्हें सरकारी कामकाज में परोक्ष तौर पर शामिल करके उनके अनुभवों का फायदा उठाया। हालांकि यह दौर बहुत पुराना नहीं है लेकिन मौजूदा दौर में जिस तरह की राजनीति हावी होती जा रही है,उसे लगातार देखते और रोज ही कुछ न कुछ ऐसा सुन-पढकर लोगों को वह दौर ज्यादा पुराना नजर आने लगा है। जबकि जरूरत इस बात की है कि आलोचना को लोग सकारात्मक तरीके से लें और यदि सुधार करने योग्य हैं तो करें भी। मगर राजनीतिक लोगों में यदि यह भावना घर करने लगे कि वे जो कर रहे हैं वही ठीक है और जो उन्हें ठीक लगता है वहीं हर व्यक्ति के लिये ठीक या मुफीद है तो फिर ताजा दौर के खत्म होने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

### ब्रह्मपुत्र नदी पर प्रस्तावित बांध

# चीन की परियोजना से उत्पन्न होते खतरे

■ पंकज चतुर्वेदी

भारत, बांग्लादेश और भूटान इस बात को लेकर चिंतित थे कि चीन तिब्बत में दुनिया की जो सबसे बड़ी जल-विद्युत परियोजना शुरू कर रहा है, वह भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है और ऐसे बांधों से दक्षिण एशिया में बड़ी तबाही हो सकती है। इसी बीच, तिब्बत में 6.8-7.1 तीव्रता के भूकंप ने करीब 200 लोगों की जान ले ली और बड़े क्षेत्र को प्रभावित किया। चीन का प्रस्तावित बांध जल सुरक्षा, पारिस्थितिकीय संतुलन और क्षेत्रीय रिश्तों के मामले में आशंकाएं पैदा कर रहा है। दरअसल, ब्रह्मपुत्र नदी भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की जीवन रेखा है, और इसके प्रवाह में किसी भी महत्वपूर्ण बदलाव से जल उपलब्धता संकट में पड़ सकती है, खासकर शुष्क मौसम में। बांध से नदी के प्रवाह पर चीन के रणनीतिक नियंत्रण का डर है, जो किसी तनाव के समय प्रभाव डाल सकता है।

यह जलविद्युत परियोजना यारलुंग जांग्बो नदी ( ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम ) के निचले हिस्से में हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाई जाएगी। इस बांध के कारण भारत सहित कई अन्य देशों में भय का कारण यह भी कि परियोजना स्थल टेक्टोनिक प्लेट सीमा पर स्थित है। तिब्बती पठार, जिसे दुनिया की छत माना जाता है, अक्सर भूकंप की मार झेलता है क्योंकि यह टेक्टोनिक प्लेटों के ऊपर स्थित है। 60 गीगावाट की यह परियोजना नदी प्रवाह के ऐसे मोड़ पर बनाई जा रही हैं जहां से सियांग या दिहांग नदी के रूप में अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से पहले तिब्बती प्लैट्यू पर यारलुंग बेहद ऊंचाई से गिरती है। इस मोड़ के लगभग 50 किलोमीटर के इलाक़े को इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे पानी 2,000 मीटर की ऊंचाई से गिरे और उसके ज़रिए पनबिजली पैदा की जा सके। चीन ने अभी तक यारलुंग नदी का इस्तेमाल बिजली बनाने में सबसे कम किया है, महज 0.3 फीसदी। अब उसने मेडॉग इलाक़े के पास अपनी भौगोलिक सीमा के लगभग अंतिम छोर पर नदी को रोकने की योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया।

चीन द्वारा विशाल नदियों पर बांध बनाकर जलाशयों में पानी रोकने से लंबी अवधि में नदी के पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता पर गंभीर असर पड़ेगा। इसके जवाब में, भारत भी अपने हिस्से की नदी पर 10 गीगावाट क्षमता का बांध बनाने की योजना पर काम कर रहा है। हालांकि, यदि चीन नदी के मुख्य प्रवाह को नियंत्रित करेगा, तो भारत की जल जरूरतों का नियंत्रण भी चीन के पास होगा, और भारत को भी पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाना पड़ेगा। दोनों देशों की ये हाइड्रोपॉवर परियोजनाएं इस क्षेत्र के पारिस्थितिकी नुकसान को बढ़ा सकती हैं, जिससे जल पारितंत्र स्थिर हो सकता है और स्वच्छ जल की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है।

समझना होगा कि सदियों पहले नदियों के साथ बह कर आई जिस मिट्टी ने कभी असम राज्य का निर्माण किया, अब वही द्रुत-व्यापक जलधाराएं इस राज्य को बाढ़ व भूमि कटाव



से श्रापित कर रही हैं। ब्रह्मपुत्र, बराक तथा उनकी करीब 50 सहायक नदियों का तेज बहाव अपने किनारे की बस्तियों और खेतों को लगातार उजाड़ता रहा है, जिससे राज्य में कई तरह के संकट उत्पन्न होते हैं, जिनमें विस्थापन और भूमिहीनता प्रमुख हैं। आज भी असम और पूर्वोत्तर के कई इलाकों में बाढ़ के साथ आने वाली तलछट से नई भूमि बनती है, जो वहां की खेती का आधार है। यदि भविष्य में तिब्बत और भारत की सीमा पर बड़े बांधों का निर्माण किया जाता है, तो यह तलछट की आवक को रोक देगा। बांधों और जलाशयों के कारण बड़ी मात्रा में तलछट एकत्र हो जाएगा, जिससे नदी के किनारे कटाव बढ़ जाएगा। चीन में बनाए गए थ्री गोरजेस डैम इसका उदाहरण हैं, जहां बांध के नीचे आने वाली नदियों के किनारों पर कटाव बढ़ा है। भारत में पूर्वोत्तर राज्य पहले ही इस प्रकार के भू-कटाव से प्रभावित हैं।

इतनी विशाल मात्रा में भारत के 'सिर' पर एकत्र जल-निधि हमारी सुरक्षा को भी खतरा है। यदि भूकंप या किन्हीं प्राकृतिक कारणों से बांध फट जाए या फिर युद्ध की स्थिति में चीन इसका पानी नीचे बहा दे तो भारत को जान-माल का काफी नुकसान हो सकता है। यह क्षेत्र भूकंपीय रूप से संवेदनशील है, और धरती के भीतर से उभरने वाले आंतरिक दबाव के परिणामस्वरूप भूकंप यहां लगातार महसूस किए जाते हैं। यह पूरा इलाका लगातार नमीदार बना रहता है। जलवायु परिवर्तन के कारण सर्वाधिक संवेदनशील तिब्बत के पहाड़ों पर अचानक तेज बरसात, तापमान में बेहद उतार-चढ़ाव, हिमस्खलन, भूस्खलन, और मलबे के बहाव जैसी स्थितियों की मार बहुत गहरी है और उनका पूर्वानुमान जटिल है। चूंकि भारत और चीन के बीच में कभी जल को लेकर कोई संधि हुई नहीं है। वह वास्तविक आंकड़े और गतिविधियां कभी पड़ोसी से साझा नहीं करता। इस बांध के कारण प्रभावित इलाकों में अरुणाचल प्रदेश का वह हिस्सा भी है जिस पर चीन दावा करता रहा है। बता दें कि चीन और पाकिस्तान में मित्रता है, चीन ने पाकिस्तान में काफी निवेश भी किया है। हाल के वर्षों में भारत पाकिस्तान को सिंधु नदी और पंजाब की नदियों का पानी रोकने की धमकी देता रहा है। सिंधु नदी तिब्बत से निकलती है और लद्दाख होते हुए पाकिस्तान में प्रवेश करती है, जहां इसकी पानी की मात्रा नील नदी से भी अधिक है। भारत ने इस नदी के पानी के बंटवारे पर किए गए पुराने समझौतों पर पुनर्विचार की बात की है। ऐसे में संभावना है कि जब चीन अपने बांधों के जल-नियंत्रण पर चर्चा करेगा, तो वह पाकिस्तान की मिसाल सामने रखेगा।

चूंकि चीन और भारत दोनों देशों के पास साफ पानी की कमी है और खेती के लिए पानी की आवश्यकता है। यूं भी भविष्य में जल संसाधनों पर अधिक नियंत्रण की चाह सभी देशों में है। एक विशाल जल विस्फोट की आशंका, जैव विविधता व पर्यावरण पर विनाशकारी प्रभावों के मद्देनजर जरूरी है कि भारत ऐसे बांधों को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से सहयोग ले।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज का इतिहास

- 2011 - मॉस्को के डोनोडिडोवो हवाई अड्डे पर बम विस्फोट से 35 लोगों की मौत, 180 घायल।
- 2010 - वर्ष 2008 के लिए 56वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई। फ़िल्म 'अंतहीन' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फ़िल्म, मराठी अभिनेता उपेंद्र लिमये को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया। श्रीबाला को तमिल फ़िल्म 'नान कादाउद' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार के लिए चुना गया। फरहान अख्तर की फ़िल्म रॉक ऑन को सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फ़िल्म के राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।
- 2008 - उत्तर प्रदेश में सैनिटेशन पॉलिसी के लिए टास्क फोर्स गठित हुई। पूर्व थल सेना अध्यक्ष जे.जे. सिंह को अरुणाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया। अफ़ग़ानिस्तान की एक अदालत ने एक पत्रकार को इस्लाम का अपमान करने के मामले में सज़ा-ए-मौत की सज़ा सुनाई। पाकिस्तानी सेना ने दक्षिणी वजीरिस्तान में अफ़ग़ान सीमा के निकट आतंकवादियों के साथ भीषण संघर्ष में तीन इलाकों को मुक्त कराया।
- 2007 - रूस एवं भारत के बीच एटमी रिएक्टर बनाने हेतु समझौता हुआ।
- 2005 - आंध्र प्रदेश के तेलगुदेशम के विधायक परिताला रवि की गोली मारकर हत्या करा दी गयी। गणतंत्र दिवस समारोह 2005 के मुख्य अतिथि भूटान नरेश जिग्मे सिंघे वांगचुक भारत पहुँचे।
- 2003 - उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया परमाणु संकट के शांतिपूर्ण समाधान पर सहमत। भारत और फ्रांस के बीच प्रत्यर्पण संधि।
- 2002 - संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान इस्लामाबाद पहुँचे, भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्ता की पुनः पेशकश की, एनरान के अध्यक्ष केनेथ ली ने इस्तीफ़ा दिया। भारतीय उपग्रह इनसेट-3सी सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में स्थापित।
- 2001 - जैव सुरक्षा संधि पर भारत के हस्ताक्षर, जोसेफ काबिला के राष्ट्रपति बनने पर संसद की मंजूरी।
- 2000 - चुनावों में दलितों का आरक्षण 10 वर्ष तक बढ़ाने हेतु संविधान के 79वें संशोधन को राष्ट्रपति की मंजूरी।
- 1996 - सं.रा. अमेरिका के इतिहास में पहली बार देश की प्रथम महिला हिलेरी क्लिंटन को न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया गया।
- 1993 - सोयूज टी.एम. 16 प्रक्षेपित किया गया। सोमालिया में अमेरिकी सैनिकों के साथ संघर्ष में तीन व्यक्ति मारे गये और अनेक घायल हो गये।
- 1991 - लिथुआनिया गणराज्य ने सोवियत संघ के सैनिकों हटाने की मांग की।
- 1989 - पेरू में सोने की खान में एक सौ से अधिक श्रमिक फँस गये।
- 1979 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1973 - अमेरिका ने वियतनाम युद्ध बंद होने के साथ लाओस और कंबोडिया में भी युद्धबंदी का ऐलान किया गया।
- 1966 - एयर इंडिया का बोइंग आल्पस में दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें डॉ. होमी भाभा सहित 114 लोग मारे गये। प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक एवं देश के परमाणु कार्यक्रम के जनक होमी जहांगीर भाभा का निधन हुआ।
- 1965 - ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सर विंस्टन चर्चिल का निधन।
- 1952 - मुम्बई में पहला अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव आयोजित किया गया।
- 1951 - प्रेम माथुर भारत की पहली महिला कमर्शियल पायलट बनीं।
- 1950 - जन गण मन को राष्ट्रगान के रूप में स्वीकार किया गया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने।
- 1939 - चिली में भूकंप से 30 हजार लोग मरे।
- 1936 - अलबर्ट सैरुएट फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
- 1924 - रूस के सेंट पीट्सबर्ग शहर का नाम बदलकर लेनिनग्राद किया गया।
- 1857 - कलकत्ता विश्वविद्यालय की स्थापना।
- 1839 - चार्ल्स डार्विन रॉयल सोसायटी के फेलो चुने गये।
- 1824 - रूस में पेट्रोग्राद का नाम बदलकर लेनिनग्राद कर दिया गया।
- 1556 - चीन में भीषण भूकम्प में आठ लाख तीस हज़ार लोगों की मौत हुई।

# महाकुम्भ में डिजिटल खोया-पाया केन्द्र की बड़ी है भूमिका, पुराना है भूले-भटकों को मिलाने का प्रयास

■ विनोद पाठक

कुंभ मेले के लिए एक बात प्रचलित रही है, यहां लोग अपनों से बिछड़ जाते हैं। पूर्व में कुछ लोग परिवार से पुनः मिल जाते थे तो कुछ नहीं मिल पाते थे। बॉलीवुड फिल्मों में कुंभ में बिछड़ने की कहानियों का खूब इस्तेमाल हुआ है। हालांकि, प्रयागराज में पिछले आठ दशक से मेलों में बिछड़ों को अपनों को मिलाने की एक प्रयास जारी है। यह एक अकेले व्यक्ति का भागीरथ प्रयास था, जो अब डिजिटल कोशिशों तक आ पहुंचा है। इनदिनों जब आप प्रयागराज के महाकुंभ मेले में आएंगे, आपको यूपी सरकार के स्थापित खोया-पाया केंद्र अलग-अलग सेक्टरों में मिल जाएंगे, जो रोजाना बिछड़े लोगों को परिवार से मिलाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ-2025 के खोया-पाया केंद्रों की चर्चा से पहले थोड़ा इतिहास में झांक लेते हैं। प्रयागराज में कुंभ के अलावा माघ मेला भी लगता है, जिसका स्वरूप भी कुंभ जैसा ही विशाल होता है। प्रयागराज के निवासी राजाराम तिवारी ने 79 साल पहले मेले में बिछड़े लोगों को परिवार से मिलाने का एक कार्य प्रारंभ किया था।

दरअसल, राजाराम तिवारी वर्ष 1946 में जब 18 साल के थे, तब माघ मेले में एक बुजुर्ग महिला अपने परिवार से बिछड़ गई थी। यह वह समय था, जब लाउडस्पीकर बहुत सुलभ नहीं था। युवा राजाराम तिवारी




की कोशिशें से बुजुर्ग महिला का परिवार से मिलन हो गया था, लेकिन राजाराम तिवारी ने एक बात ठान ली थी कि वो अब मेले में ऐसा शिविर लगाएंगे, जहां भूले-भटके लोगों का परिवार से पुनर्मिलन कराया जा सके। जब उन्होंने अपने भूले-भटके शिविर की शुरुआत की, तब वो टिन को काटकर बनाए भोंपू से मेले में भटके हुए लोगों की उद्घोषणा किया करते थे। वर्ष 2016 में अपनी मृत्यु तक राजाराम तिवारी माघ मेला, अर्धकुंभ मेले और कुंभ में 14 लाख से अधिक वयस्कों और 21,000 से अधिक बच्चों को परिवार से मिलवा चुके थे। उन्हें भूले भटके वालों का बाबा नाम से लोग जानते हैं। राजाराम तिवारी का यह प्रयास आगे चलकर उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने हाथों में ले लिया। सरकार भी भूले-भटके लोगों के लिए केंद्र स्थापित करने लगी। अब सरकार के खोया-पाया केंद्र डिजिटल हो चले हैं।

इस बार महाकुंभ मेले में उत्तर प्रदेश सरकार का प्रयास दिव्य और भव्य के साथ डिजिटल हो चुका है। महाकुंभ मेले में सरकार ने 10 सेक्टरों में खोया-पाया केंद्र स्थापित किए हैं, जिनमें पुनर्मिलन डेस्क के अलावा महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए प्रतीक्षालय, चिकित्सा कक्ष, परामर्श कक्ष, भोजन और रहने की व्यवस्था तक की गई है।खोया-पाया केंद्र में दो तरीके से सूचना देने का प्रावधान है। एक लोग यहां आकर अपने परिवार से बिछड़े हुए सदस्य की जानकारी देते हैं, जबकि खो गए लोग स्वयं भी केंद्र पहुंच जाते हैं। जब भी कोई परिवार या व्यक्ति पाया-पाया केंद्र पहुंचता है तो पूरे मेला क्षेत्र में लाउडस्पीकर से उद्घोषणा कराई जाती है।

जब आप महाकुंभ मेला क्षेत्र में पहुंचेंगे तो आपको ऐसी उद्घोषणाएं होती सुनाई देंगी। न केवल लाउडस्पीकर, बल्कि डिजिटल माध्यम से बिछड़े हुए लोगों को ढूंढने का प्रयास हो रहा है। खोया-पाया केंद्र द्वारा सोशल मीडिया का सहारा ले रही है। व्हाट्सएप ग्रुप पर तत्काल जानकारी प्रसारित कर दी जाती है। सरकार की एक बड़ी मशीनरी खोया-पाया केंद्रों में लगाई गई है। आपातकालीन नंबर 1920 पर बिछड़े हुए व्यक्ति या बच्चे की तत्काल सूचना दी जा सकती है। खोया-पाया केंद्रों को दूर से पहचाना जा सके, इसके लिए उन पर बड़े गुब्बारे उड़ाए जा रहे हैं।

कुंभ मेले में कोई परिवार से बिछड़ जाएगा और कभी नहीं मिलेगा, ऐसी संभावना खोया-पाया केंद्रों के डिजिटल प्रयासों ने करीब-करीब समाप्त कर दी हैं। खोया-पाया केंद्र मेला क्षेत्र में लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। डिजिटल युग में अपनों को ढूंढना आसान हो गया है। यूं लग रहा है कि कुंभ में लोग खो जाते हैं, यह बात एक सपना स्वरूप हो जाने वाली है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**संसार में दूसरों के मत से अपनी धारणा बनाना आसान है। स्वयं अपनी धारणा लिए हुए एकाकी रहना भी आसान है, परन्तु महान पुरुष वह है जो भीड़ में रह कर भी मधुर मुस्कान लिए हुए अपनी स्वतन्त्र्य एकाकी धारणा बनाये रखता है।**

**- एमर्सन**

## निशाना

### राह नहीं आसान !



-कृष्णेन्द्र राय

मिल रहीं चुनौतियां ।
राह नहीं आसान ।।
करनी विजय हासिल तो ।
फूंको फिर से जान ।।
ठीक नहीं है सब कुछ ।
हुआ उल्टा खेल ।।
जिसने नहीं निभाया ।
कसना फिर नकेल ।।
हार और जीत का तो ।
रहता बजता गाना ।।
ली है जिम्मेदारी तो ।
पेश करो नज़राना ।।
मंथन का है विषय ।
हुई कहां पर चूक ।।
धीरे धीरे रथ क्यों ।
रहा आखिर रुक ।।

## श्रीबूढ़ी माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ का स्वर्ण जयंती महोत्सव

**इटारसी ।** नगर के अति प्राचीन श्री बूढ़ी माता मंदिर शक्तिपीठ पर इस वर्ष भव्य और ऐतिहासिक शतचंडी महायज्ञ समारोह होगा ।श्री शत चंडी महायज्ञ का यह



50 वॉ वर्ष है ।इस स्वर्ण जयंती वर्ष को धूमधाम से मनाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के नेतृत्व में आयोजन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर समिति के सचिव जगदीश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्ण जयंती वर्ष होने के कारण व्यापक तैयारियां की गई है और पिछले वर्षों की अपेक्षा संपूर्ण धार्मिक आयोजन को बेहतर बनाने के प्रयास किया जा रहे हैं। स्वर्ण जयंती महोत्सव के अंतर्गत शोभायात्रा प्रभारी क्षितिज भावसार एवं उनके साथी होंगे तथा सत्संग भवन में श्री देवी पुराण आयोजन की व्यवस्था के प्रमुख घासीराम मालवीय,राजू बत्रा एवं क्षितिज भावसार होंगे। भंडारा निर्माण के प्रभारी मुकेश बोहरा,बिट्टू भाई रहेंगे एवं भंडारा वितरण की व्यवस्था राकेश जाधव और संतोष राजवंशी बबलू को सोंपी गई है। प्रसादी वितरण की प्रतिदिन की व्यवस्था सुश्री मंजू ठाकुर एवं उनकी टीम महिला वर्ग का प्रसाद वितरण करेंगी एवम पुरुष वर्ग में प्रसाद वितरण गुरु सिंह सभा इटारसी के सेवादार एवं द्वारकाधीश युवा मंडल के कार्यकर्ता करेंगे ।मेला ग्राउंड की व्यवस्था दीपक अठोत्रा एवम मुन्ना भाई सोंपी गई है। इस वर्ष यज्ञ के यजमान कालिदास जंगलु प्रसाद भावसार रहेंगे। यज्ञशाला की व्यवस्था के प्रभारी महेश पड़िहार होंगे ।यज्ञशाला के विप्रजनों के फलाहार एवं भोजन की व्यवस्था के प्रभारी दुर्गा देवहरे एवं राजेश अग्रवाल होंगे स्वर्ण जयंती के अवसर पर श्री बूढ़ी माता मंदिर मालवीयगंज में आयोजित श्री शत चण्डी महायज्ञ एवं समस्त धार्मिक भव्य आयोजनो के लिए प्रचार प्रसार समिति का गठन किया गया है। मंदिर समिति के सचिव जगदीश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रचार प्रसार समिति में मनजीत कलोसिया, गोपाल शर्मा, शुभम पटेल, बेअंत सिंह एवं शुभम सिंह ठाकुर को जवाबदारी दी गई है समस्त धार्मिक आयोजनों के व्यापक प्रचार प्रसार का दायित्व सोपा गया है। आगामी 5 फरवरी से श्रीमद भागवत पुराण एवं 6 फरवरी से श्री शत चंडी महायज्ञ प्रारंभ होगा ।तथा श्री श्री बूढ़ी माता मंदिर गर्भ ग्रह के सामने परिसर के प्रभारी सतीश सिंह कैरो एवं गुड्डा नायक रहेंगे। सचिव जगदीश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया है कि मां नर्मदा की परिक्रमा करने वाले परिक्रमा वासी बहुत बड़ी संख्या में यहां से निकलते हैं इसलिए उनके ठहरने एवं सदा व्रत के लिए एक भवन का निर्माण किया जाना है ।

## भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष शर्मा से मुलाकात की

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी की नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने गुरुवार को भोपाल पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा से मुलाकात की।



श्रीमती शुक्ला ने प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से भी प्रदेश भाजपा कार्यालय में भेंट की। इस अवसर पर श्रीमती प्रीति शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। श्रीमती शुक्ला ने संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय और जनकल्याणकारी दिशा में अग्रसर करने के अपने संकल्प को दोहराया। प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने श्रीमती प्रीति शुक्ला को शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने के लिए अपने अनुभव और मार्गदर्शन का भरोसा दिलाया।

## अर्चना बनी महिला मंडल अध्यक्ष



**इटारसी।** श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज संगठन के महिला मंडल संगठन के चुनाव समाज के महासभा के संरक्षक गयाप्रसाद मालवीय के निवास पर स्थानीय संगठन अध्यक्ष प्रेम नारायण मालवीय एवं संरक्षक जी. पी. मालवीय एवं स्थानीय कानुनी सलाहकार एडवोकेट हरीश मालवीय,महिला मंडल संरक्षक श्रीमती ममता मालवीय की उपस्थिति में कराए गए ।इस चुनाव में चार उम्मीदवार खड़े हुए जिनमे अर्चना राजेश मालवीय, किरण दीपक मालवीय, प्रेमलता मनोज मालवीय,संगीताअनिल मालवीय खड़े हुए थे। जिसमें कुल मतों की संख्या 76 में से जिसमें सर्वाधिक वोटों 49 मत प्राप्त कर अर्चना राजेश मालवीय विजय घोषित हुई, उनकी इस एतिहासिक जीत पर समाज के महासभा के संरक्षक जी. पी. मालवीय सर, अध्यक्ष प्रेम नारायण मालवीय सहित समस्त सामाजिक बंधुओ,पूर्व महिला पदाधिकारी सामाजिक मातृशक्तिओ ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## गौतम मैना बने कांग्रेस आईटी सेल के नगर अध्यक्ष

**इटारसी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष चंचलेस व्यास एवं



प्रदेश समन्वयक अभिनव बरोलिया माली की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस आईटी सेल शोशल मीडिया के जिलाध्यक्ष सीताराम सिलावट ने इटारसी कांग्रेस के युवा नेता गौतम मैना को इटारसी नगर कांग्रेस आईटी सेल का अध्यक्ष नियुक्त किया। गौतम मैना के आईटी सेल के नगर अध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मानक अग्रवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय , ओम सेन, अर्जुन ठाकुर, पिंकी शर्मा, अंकित दुबे, प्रकाश पटेल सहित कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी।

### तारादेही शराब दुकान में लूट की वारदात : आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद

# लुटेरों ने शराब के साथ कैश भी लूटा, बोलेरो से हुए फरार

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**






गुरुवार की दरमियानी रात 2 बजे तारादेही थाना क्षेत्र में शराब दुकान में अज्ञात लोगों ने लूट की घटना को अंजाम दिया ओर पैसा लेकर मौके से एक बोलेरो कार में सवार होकर आरोपी महाराजपुर देवरी मार्ग की ओर भाग गए। संपूर्ण घटना सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई हैं शराब दुकान से चोरो द्वारा अपने साथ दुकान में रखी पैसों की पेंटी अपने साथ ले गए जिसमें 1 लाख 93 हजार 970 रुपए की शराब दुकान की ब्रिकी की राशि रखी हुई थी। इसके अलावा चार शराब की बोतल भी साथ में ले गए।

घटना के बाद कर्मचारियो ने मामले की जानकारी तारादेही पुलिस को दी पुलिस रात्रि भर लुटेरों को खोजती रही लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया है। गुरुवार को तारादेही पुलिस ने शराब दुकान के कर्मचारियों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लुटेरों की खोजबीन शुरू कर दी है घटना को लेकर शराब दुकान के गद्दीदार राजेंद्र जायसवाल ने बताया कि रात्रि दो बजे के लगभग आवाज आई वह दुकान बंद करके अंदर सो रहा था अज्ञात लोगों ने पहले सामने लगा गेट तोड़ा मैं उठा दरवाजे खोले एक युवक अंदर आया और पैसे रखी पेटी उठाकर बुलेरो कार में सवार होकर भाग गया।

जिस समय शराब दुकान में लूट की घटना को अंजाम दिया गया उसके ठीक पहले बिजली गोल हो गई जिसके कारण लूट करने वाले की पहचान नहीं हो पाई है जैसे ही चोर भागे थोडी देर के बाद बिजली भी आ गई थी। शराब के कर्मचारियों के साथ तारादेही पुलिस ने भागी बुलेरो की जानकारी लेने के वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के चैक पोस्ट पर भी बुलेरो की खोज करने का प्रयास किया किंतु वह मौजूद कर्मचारियों ने बताया बुलेरो निकली है तेज रफतार में थी और लाइट गोल होने के कारण बुलेरो ओर उसमें सवार लोगों की वहां भी पहचान नहीं हो पाई है पुलिस पूरी रात लूट करने वाले को खोजती थी परंतु कोई सुराग नहीं मिला है।

गोपाल शर्मा शराब दुकान के मैनेजर ने बताया बुधवार की रात्रि दो बजे के करीब एक बुलेरो कार में सवार चार युवक तारादेही शराब दुकान पहुंचे उनमें तीन ने पहले गेट तोड़ा आवाज सुन राजेंद्र जायसवाल ने गेट खोला तो तीन युवक शराब दुकान के अंदर घुस गए यह आलम देख मौजूद कर्मचारियों ने खुद को बचाया और कमरे के अन्दर घुस गया बाद में तीन युवक शराब दुकान में घुसे अंदर का ताला तोड़ा उसके बाद कुछ शराब की बोतल ओर नगद राशि जो पूरे दिन की बिक्री थी उठाकर ले गए लुटेरों ने जो घटना को अंजाम दिया है वह पूरी सीसीटीबी कैमरों में कैद भी हो गई है।

वहीं बीते दो से तीन माह पहले भी शराब दुकान के कर्मचारियों के साथ लूट की घटना हो चुकी है जहां झलौन शराब दुकान से गद्दीदार दिन भर की ब्रिकी को लेकर तेंदूखेड़ा आफिस आ रहा था तभी रास्ते में चोरों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया था लेकिन उस समय तेन्दूखेड़ा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर लूट की घटना का खुलासा कर दिया था और आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया था। लूट की इस घटना के बाद से ही तारादेही पुलिस रात में ही सक्रिय हो गई थी और लूट करने वालों की खोजबीन में लगी हुई है उम्मीद जताई जा रही है तारादेही पुलिस जल्द ही इस लूट की घटना का खुलासा कर सकती है उम्मीद जताई जा रही है लूट करने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं क्योंकि लूट की घटना की जानकारी लगते ही दमोह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तेंदूखेड़ा एसडीओपी द्वारा एक टीम बनाकर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है वहीं लूट की वारदात के बाद तेन्दूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर, तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित, उपनिरीक्षक महेश विश्वकर्मा सहित पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा जा जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं।

तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने कहा कि घटना हुई है लूट का मामला दर्ज किया जा रहा है आरोपियों की खोजबीन में पुलिस लगी हुई हैं।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच द्वारा वृद्धा आश्रम बांद्राभान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसके साथ ही संस्था के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश मालवीय की 47वीं शादी की सालगिरह भी हर्ष के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक कृपाल सिंह राजपूत अध्यक्ष अरुण दीक्षित के साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद अकरम खान डॉ सुरेंद्रजीत सिंह के एन त्रिपाठी लखन रघुवंशी डॉ मयंक तोमर ओम प्रकाश मालवी ने नेताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की. कार्यक्रम में उपस्थित केके शर्मा हेमंत शर्मा आशीष तिवारी संजीव शर्मा किरण शर्मा सुशीला वरगले जय बाला निगम सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित हुए. सभी ने ओमप्रकाश मालवी को शादी की वर्षगांठ पर हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की. कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर विनीता भारती एवं अनीशा भारती द्वारा किया गया

### परिवहन विभाग की अनूठी पहल

## नि:शुल्क हेलमेट बांट कर दिया बाइक चालकों को जीवन रक्षा का संदेश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



परिवहन विभाग की एक अनूठी पहल के अंतर्गत सांसद एवं नपाध्यक्ष ने हेलमेट पहनने की बाइक सवारों से अपील कर निशुल्क हेलमेट वितरण कर बाइक सवारों को जीवन रक्षा का संदेश दिया.

गुरुवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों के तहत नर्मदा पुरम शहर के प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज नर्मदा महाविद्यालयके सामने निशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती माया नारोलिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत रोहित गौर शामिल हुए। आरटीओ श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में समस्त परिवहन विभाग, शोरूम संचालक, स्कूल संचालक शामिल हुए। जिनके द्वारा सड़क पर बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले बाइक सवारों को रोक कर समझाइए देते हुए एवं हेलमेट के लाभ को बताते हुए हेलमेट वितरण किया गया। सड़क सुरक्षा माह में किए गए इस निशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम में लगभग 75 हेलमेट बांटे गए। सांसद, पालिका अध्यक्ष एवं आरटीओ के द्वारा बाइक सवारों को हेलमेट न पहनने से होने वाले नुकसान बताए गए। जिसमें यह बताया गया कि बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने पर होने वाली दुर्घटना में सर्वप्रथम सिर पर चोट आती है जिससे दुर्घटना होने पर मृत्यु होने की संभावना प्रबल होती है। इसलिए हेलमेट पहनने से सिर पर लगने वाली चोट से बचाव किया जा सकता है और अपने तथा अपने आसपास के लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक कर दुर्घटना से बचने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। सांसद श्रीमती माया नारोलिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव ने लोगों से अपील की कि बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग आवश्यक रूप से करें। क्योंकि 90त्न दोपहिया दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मृत्यु सिर पर चोट लगने के कारण होती है।

## राहुल गांधी की रैली संविधान की रक्षा और बापू के विचारों को मजबूती देगी : फैजान

**जय बापू जय भीम जय संविधान रैली के लिए बैठक आयोजित**



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

27 जनवरी को बाबा साहब अम्बेडकर की जन्मस्थली महु में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाली महारैली की तैयारियों को लेकर युवा कांग्रेस कार्यालय मे बैठक संपन्न हुई. कांग्रेस के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष फैज़ान उलहक़ ने बताया बाबा साहब की पावन जन्म स्थली से हमारे नेता राहुल जी की ये रैली ऐतिहासिक होगी और ये हमारे संविधान की रक्षा और बापू के विचारो को और मज़बूती देगी. आयोजित बैठक मे युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव गुलाम मुस्तफ़ा, विजय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र दोहरे , पूर्व नगराध्यक्ष राकेश शर्मा , मोहम्मद आमिर, आयुष्मान अवस्थी, ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर आमिर भाई , रवी विश्वकर्मा, शिवम साहू आदि उपस्तिथ रहे.

**मेट्रो एंकर** एल टी सुब्बू मेमोरियल अंडर 22 इंटर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला

# नर्मदापुरम ने हरदा को पराजित करके विनर का खिताब अपने नाम किया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की गई एल टी सुब्बू मेमोरियल अंडर 22 इंटर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नर्मदा पुरम ने हरदा की टीम को हराकर जीत लिया.

पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर उद्बोधन देते हुए मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन इंदौर के मान सेवी सचिव संजीव राव ने नर्मदापुरम संभाग की क्रिकेट गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए प्रसन्नता व्यक्त और कहा बीसीसीआई के मैच नर्मदापुरम में आयोजित करने की प्रक्रिया बढ़ाई जाएगी. उन्होंने जल्द ही मैदान में एक भव्य पैवेलियन बनाए जाने की घोषणा भी की। एम पी सी ए के कोषाध्यक्ष पवन जैन ने पवेलियन एवं ग्राउंड में अन्य संसाधनों के निर्माण कार्य हेतु योजना पर प्रकाश डाला. नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि फाइनल मैच नर्मदापुरम एवं हरदा के मध्य खेला गया। जिसमें हरदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 188 रन पर ऑल आउट हुई। टीम



की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव चौरे ने सर्वाधिक 35 रन बनाएं , वंशराज जाट ने 33 रन का योगदान दिया। नर्मदापुरम टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए प्रियव्रत पटेल ने 5 विकेट, निष्कर्ष तेलंग ने 2 विकेट का योगदान दिया। इसके पश्चात नर्मदापुरम टीम ने अपनी पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए गुरुवार के दिन के खेल में 6 विकेट खो कर 333 रन बनाए. टीम की ओर से शास्वत भदौरिया ने शानदार दोहरा शतक 205 रन, गौतम बौरासी ने 44 रन का योगदान दिया। हरदा टीम कि ओर से वंश राज जाट ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए। मैच के पश्चात प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव संजीव राव, विशेष अतिथि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पवन जैन , नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल फौजदार, राकेश फौजदार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अनुराग मिश्रा , राजेश तिवारी, राजेश चौरे, योगेश परसाई, प्रदीप सिंह तोमर, अनिल दीक्षित , अनंत तिवारी, दिलीप नामदेव, संजय नाफड़े , निवेश फौजदार , सुनील शर्मा, संजय यदुवंशी , सुनील कलोसिया , चेतन राजपूत, मनोहर बिल्थरिया, रत्नेश बडगूजर , नितेश राजपूत, श्रीमती वर्षा पटेल, मनीष यादव, विष्णु प्रसाद बोरासी , फजल खान, शैलेंद्र सिंह पवार, आकाश चौरे एवं एनडीसीए के समस्त सदस्य मौजूद रहे। प्रतियोगिता की विजेता टीम की ट्रॉफी नर्मदापुरम को दी गई और उपविजेता ट्रॉफी हरदा टीम को दी गई। फाइनल मैच के प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार संयुक्त रूप से प्रियव्रत पटेल एवं शाश्वत भदोरिया को दिया गया। इस तरह नर्मदापुरम ने यह मैच पहली पारी की 146 रन की बढ़त के आधार पर हरदा को पराजित कर प्रतियोगिता जीती। मैच में अंपायर की भूमिका विष्णु प्रसाद बोरासी, नीतेश राजपूत ने निभाई एवं स्कोरर की भूमिका मनोहर बिलथरिया ने निभाई।

# सिरोंज तहसील में एक करोड़ से अधिक की भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा जिले में शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को विमुक्त कराने का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले के समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व एवं पुलिस तथा वन विभाग के अन्य अधिकारी भी शासकीय भूमियों पर हुए अतिक्रमण को हटाने के दायित्वों का निर्वहन कर रहे है। अतिक्रमण से विमुक्त कराई जाने वाली भूमि संबंधित क्षेत्र की गौ-शाला से संवंद्ध कर ग्राम पंचायत के सुर्पुद की जा रही है।





कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में गुरूवार को सिरोज तहसील में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का कार्य निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ है। क्षेत्र के एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि का बाजार मूल्य एक करोड चार लाख रूपए आंकलित किया गया है।

उन्होंने बताया कि सिरोंज तहसील के ग्राम समदपुर में गौ-शाला हेतु भूमि सर्वे नम्बर 25 चरनोई में से 6.5 हेक्टेयर लगभग 26 बीघा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। विमुक्त कराई गई भूमि संबंधित पंचायत एवं गौ-शाला समिति को सुर्पुद की गई है। गौरतलब हो कि इस सर्वे में पूर्व से गौ-शाला बनी हुई है।

### प्राइवेट कोचिंग शिक्षक द्वारा शर्मसार कर देने वाली घटना

# कोचिंग की आड़ में छोटे-छोटे बच्चों के साथ यौन शोषण

**परिजन पहुंचे थाने, प्रकरण दर्ज, आरोपी फरार**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**





प्राइवेट रुप से कोचिंग चलाने वाले निजी शिक्षक के द्वारा नगर को शर्मसार करने की घटना को अंजाम दिया है। छोटे बच्चों के साथ से यौन शोषण की घटना का खुलासा हुआ है। इसके बाद गुरुवार को बच्चों के परिजनों ने थाने पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए उनके बच्चों के साथ गलत काम करने वाले प्राइवेट शिक्षक पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर काफी देर तक प्रदर्शन किया इसके बाद देर रात्रि में जिन बच्चों के साथ यौन शोषण की घटना को अंजाम दिया है। उक्त प्राइवेट शिक्षक पर कार्रवाई की गई है। आरोपी के नाम सत्यम रघुवंशी बताया जा रहा है। यह मामला वीडियो वायरल होने के बाद सामने आया है, आरोपी बच्चों के साथ यौन शोषण करता और उसकी वीडियो बनाता था। बच्चों को धमकी देता था किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर दूंगा। एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि कुछ बच्चों के साथ निजी कोचिंग चलाने वाले प्राइवेट शिक्षक के द्वारा गलत काम को अंजाम दिया है। बच्चों की शिकायत पर आरोपी पर प्रकरण दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार प्राइवेट कोचिंग के शिक्षक के द्वारा छोटे-छोटे बच्चों के साथ कोचिंग सेंटर के अंदर ही इस काम को अंजाम दिया जा रहा था। इसका वीडियो वायरल होने के बाद परिजनों ने बच्चों के साथ थाने पहुंचकर आरोपी पर प्रकरण दर्ज करवाया है। वहीं इस तरह का मामला सामने आने से छोटे-छोटे बच्चों को कोचिंग भेजने वाले परिजनों की चिंताएं भी बढ़ गई है।



आरोपी

#### बच्चे और परिजन मेडिकल के लिये देर रात तक होते रहे परेशान

ज्ञात होकि थाने में परिजनों और बच्चों के पहुँचने के बाद प्रकरण दर्ज किया गया मेडिकल के लिये जब अस्पताल पहुंचे तो वहां भी मासूम बच्चे और परिजन मेडिकल के लिये इधर-उधर भटकते नजर आये और देर रात्रि तक मेडिकल के लिये परेशान होते रहे यह समझ में नहीं आता की सिरोंज के शासकीय राजीव गाँधी अस्पताल का डाचरा कब सुधरेगा।

#### एसपी सिरोंज आये पत्रकारों से की बातचीत

इतनी शर्मसार घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक बच्चों से मिलने पहुंचे और सहानुभूति व्यक्त की और आरोपी पर सख्त कार्रवाही के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक रोहित कश्वानी ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि अभी तक आरोपी के खिलाफ तीन एफआईआर हो चुकी है और अन्य बच्चों से भी पूछताछ की जा रही है, आरोपी की गिरफ्तारी के बारे बताया की हमारी टीम लगी हुई है जल्द ही उसको गिरफ्तार किया जायेगा सभी स्कूलों के लिये पूर्व से धारा 144 और बीएनएस की धारा 163 के तहत पूर्व से ही आदेश निकला हुआ है कि वोह अपने स्टाफ का वेरिफिकेशन कराये। जहाँ पर बच्चे पढने जाते है वोह बहुत ही सेन्सेटिव जगह हो श्री कश्वानी ने कहा की माता-पिता को भी चाहिये की रोज बच्चों से संवाद नियमित रखे, बच्चों से दिन भर की गतिविधियों के बारे में जानकारी लें रोज परिवार के साथ बैठे और बच्चे भी अपने माता-पिता को अपने साथ होने वाली सारी दिनचर्या के बारे में बताएं इसके लिये रोज परिवार के साथ बैठना चाइये ताकि एसी घटनाओं से बचा जा सके परिवार में खुशनुमा माहोल रखें।

#### सिरोंज में चल रहे है कई अवैध कोचिंग सेंटर

बात करे सिरोंज में तो यहाँ कई ऐसे अवैध कोचिंग सेंटर चल रहे है जिनका कोई रजिस्ट्रेशन भी नहीं है कई सरकारी शिक्षकों द्वारा घरों में अवैध रूप से कोचिंग सेंटरों को संचालित किया जा रहा है, प्रशासन इन पर कोई कार्रवाही नहीं करता है और कार्रवाही तो दूर की बात है यह भी जाँच नहीं की जाती है कि इनका रजिस्ट्रेशन है भी या नहीं है, प्रशासन के ढीले रवैये और पालकों के जागरूक न होने के कारण ही ऐसे हादसे सामने आते है।

**इनका कहना है**

"अभी तक तीनएफआई आर हो चुकी है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा।"
–रोहित कश्वानी पुलिस अधीक्षक

**नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए कहा**

# मुझे घटिया काम मिला तो मैं बर्दाश्त नहीं करूंगा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर में करवाए जा रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर लिए के लिए गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू पहुंचे इन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों चल रहा है निर्माण-कार्यों परखा उन्होंने सभी काम गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश ठेकेदार को दिए वहीं बासौदा रोड नहर की पुलिया से लेकर श्री राम कॉलोनी तक बन रही सड़क का बारीकी से जायजा लेकर ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ काम करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी सूरत में घटिया कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इन्होंने ठेकेदार से कहा कि गुणवत्ता से हम कोई समझौता नहीं करेंगे इसके अलावा उन्होंने नगर पालिका अधिकारी और इंजीनियर को भी निर्माण कार्यों देखने के लिए फोन पर हिदयात देते हुए कहा कि लगातार कामों को देखें कहीं नहीं घटिया काम मुझे मिला तो मैं बर्दाश्त नहीं करूंगा इसीलिए जहां-जहां निर्माण कार्यों हो रहे हैं। उनका लगातार निरीक्षण करते रहे। श्री साहू ने बताया कि विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन नगर पालिका परिषद के द्वारा करोड़ों के विकास कार्य शहर में करवाए जा रहे हैं हमारी जिम्मेदारी है कि कोई भी काम घटिया ना हो इसलिए उनको देखने के लिए आए थे। ठेकेदार के साथ अधिकारियों को भी दिशा निर्देश देते हुए गुणवत्ता से साथ काम करने की दिशा निर्देश दिए हैं। क्योंकि अधिकांश ठेकेदारों के द्वारा घटिया काम को अंजाम दिया जा रहा इस वजह से सड़के चंद दिनों में ही गढ़ों में तब्दील हो जाती हैं कुछ दिनों से नगरपालिका अध्यक्ष और उनकी टीम लगातार विकास कार्यों को देख रही हैं सीएमओ राम प्रकाश साहू भी अचानक पहुंचना है कुछ ठेकेदारों के द्वारा सीसी बनाने के बाद तलाई नहीं कराई जा रही है। इसकी तस्वीर अभी सब्जी मंडी में देखने को मिल रही है ,यहां पर ठेकेदार ने तलाई नहीं कराई है। इस वजह से यहां की सीसी सड़क जल्दी ही उखाड़ सकती है।

## 141 कृषकों ने पंजीयन कराया

**सिरोंज।** विदिशा समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय हेतु जिले में पंजीयन कार्य जारी है। जिला आपूर्ति अधिकारी व नोडल श्रीमती रश्मि साहू ने बताया कि जिले की 12 तहसीलो में अब तक 141 कृषकों के द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की फसल विक्रय हेतु पंजीयन कराया जा चुका है। जिसमें सर्वाधिक विदिशा तहसील के 68 कृषक इसके पश्चात गुलाबगंज के 21, शमशाबाद के 13, ग्यारसपुर के आठ, कुरवाई के छह, बासौदा, नटेरन एवं लटेरी के क्रमशः छह-छह, सिरोंज एवं विदिशा नगर के क्रमशः दो-दो इसी प्रकार त्योंदा एवं पठारी तहसील में एक-एक कृषक के द्वारा पंजीयन कराया गया है।

# कलेक्टर की मेहनत पर शिक्षक फेर रहे पानी प्यासी में शिक्षक गायब, अतिथि आते ही नहीं

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर के निर्देशों के बाद भी कई शिक्षकों के द्वारा स्कूल पहुंच कर गायब होने का काम किया जा रह है। गुरुवार को प्यासी स्कूल में बच्चे बैठे हुए थे पर शिक्षक स्कूल से नदारत थे। अतिथि शिक्षकों का भी कोई अता-पता नहीं था इस बात से अंदाज लगाया जा सकता है कि किस तरीके से कई शिक्षक कलेक्टर के निर्देशों की काट निकाल कर गायब होते हैं।

स्कूल से गायब होने पर षाला प्रभारी को नोटिस देने के बात की है तथा अतिथि शिक्षकों की वेतन काटने बात की है। प्यासी स्कूल में बच्चे तो मौजूद थे पर प्रभारी से लेकर कोई शिक्षक 12 बजे के करीब स्कूल में मौजूद नहीं था अतिथि शिक्षक भी स्कूल में नहीं थे। ग्रामीण ने बताया कि प्रतिदिन एक दो मास्टर आ जाते उपस्थिति लगाकर स्कूल से चले जाते है बच्चे अकेले स्कूल में बैठे रहते हैं अतिथि शिक्षक आते ही नहीं है शिक्षा विभाग के अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

बीआरसी ओमप्रकाश रघुवंशी ने कहा कि स्कूल प्रभारी से लेकर शिक्षकों तक को नोटिस जारी करके




जवाब मागेंगे अतिथि शिक्षकों की वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

## लंबित आवेदनों का निराकरण अभियान समाप्ति के पूर्व करें

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरो में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण अभियान शिविर समाप्ति की तिथि 26 जनवरी के पहले लंबित आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण करें।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिले में कुल 569 शिविरो का आयोजन किया जाना है जिसमें से अब तक 552 शिविर सम्पन्न हुए है इन शिविरो में कुल 52188 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें से अब तक 1767 आवेदन लंबित है।

# सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर किया माल्यार्पण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर भाजपा नेताओं ने उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुवार को नगर पालिका प्रांगण में स्थापित वीर सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष नपाध्यक्ष मनमोहन साहू के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने एकत्रित होकर माल्यार्पण कर आजादी के दौर में देश को अंग्रेजों से मुक्त कराने में आजाद हिंद फौज का निर्माण करने वाले बॉस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता हरीबाबू भार्गव ने उनके द्वारा आजादी के लिए देश के युवाओं को सक्रिय भूमिका के साथ संघर्ष के संस्मरणों से अवगत कराया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, मंडल अध्यक्ष सीताराम



कुशवाह, अनिल यादव, सचिन शर्मा, धर्मेंद्र जैन, मुकेश पंथी, गुड्डू यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गंजबासौदा में भी हुए आयोजन

**गंजबासौदा।** सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर मालार्पण करके कार्यक्रम प्रारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक अखिलेश श्रीवास्तव, प्राचार्य प्रीति रानी मंच पर उपस्थित रही। इस मौके पर विद्यार्थियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित भाषण एवं वक्तव्य प्रस्तुत किया। जिसमें चंचल ने बहुत ही प्रेरक और प्रभावी उद्बोधन दिया। माय स्कूल के विद्यार्थियों ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई थी इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अखिलेश श्रीवास्तव ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक ऐसे महान सेनानायक का आज जन्मदिन है जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता में अपना अमूल्य योगदान दिया। वे प्रभावी और जननायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे।

**मेट्रो एंकर** — कलेक्टर के निर्देशों का हुआ पालन

# दीवारों पर हुई वॉल पेंटिंग, बनाई अस्थाई बाउंड्रीवाल



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

विगत दिनों कलेक्टर रोशन कुमार सिंह द्वारा शहर का भ्रमण किया गया था। भ्रमण के दौरान वार्ड क्रमांक 14 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक और दो का निरीक्षण भी किया था। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बाउंड्रीवाल बनवाए जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए थे। कलेक्टर ने आंगनबाडी केन्द्र भवन की दीवालो पर बाल पेंटिग नहीं कराए जाने पर असंतोष जाहिर करते हुए निर्देशित किया था कि आगामी एक सप्ताह के भीतर आंगनबाडी केन्द्र में बाल पेंटिग कार्य अनिवार्य रूप से कराया जाए। एवं आंगनबाड़ी केंद्र पर पुताई अस्थाई बाउंड्री वॉल आदि के संबंध में नगरपालिका, महिला बाल विकास विभाग को मौके पर निर्देशित किया गया था। कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम विजय राय द्वारा संबंधित विभाग नगर पालिका परिषद व महिला बाल विकास को कलेक्टर से प्राप्त निर्देशों का पालन शीघ्र करने व आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके पालन में नगर पालिका विभाग द्वारा बॉल पेंटिंग कराई गई। तथा अस्थाई बाउंड्री बाल का निर्माण किया गया।

#### शर्मा की जन्म जयंती पर होंगे विभिन्न आयोजन

**सिरोंज।** मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की जन्म जयंती पर शुक्रवार को नगर में विभिन्न आयोजन भाजपा नगर मंडल द्वारा आयोजित किए जाएंगे। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी सचिन शर्मा ने बताया कि पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा सिरोंज लटेरी विधानसभा के ही नहीं अपितु समूचे मध्यप्रदेश के सर्वमान्य नेता थे उन्होंने अपनी दूरदर्शिता एवं नेतृत्व क्षमता से सिरोंज लटेरी विधानसभा में विकास कार्यों के बलबूते ग्रामीण अंचलो की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम किया है।


**कार्यालय थाना प्रभारी**
**थाना टीलाजमालपुरा भोपाल (म.प्र.)**

गुम इंसान क्र. 01/25 दिनांक 11/01/25

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना टीलाजमालपुरा भोपाल मे दिनाँक 07/01/25 को सूचक रानू ठाकुर पिता रमेश कुमार ठाकुर उम्र 23 साल निवासी ग्राम बैगनिया तहसील व थाना बरेली जिला रायसेन हाल पता महेश कुशवाहा का किराये का मकान भोलेनाथ कालोनी थाना टीलाजमालपुरा भोपाल मो. 8355853399 ने सूचना दिया की दिनांक 03/01/25 को मैं सुबह 10/00 बजे करीबन अपनी मजदूरी पर गया था शाम 04/00 बजे अपने घर आया तो घर पर दरवाजे की कुण्डी लगी हुयी थी तो मेने अपनी पत्नी प्रभा को फोन लगाया तो उसने बताया कि मैं डाक्टर के यहां काजीकेम्प आई हूँ मेने अपनी बहिन मीना के बारे में पूछा तो उसने बताया कि मीना मेरे साथ नहीं है फिर मैने अपनी बहन को आसपास मोहल्ले में व इंद्रानगर बाजार में तलाश किया जो नहीं मिली मेरी बहिन अपने साथ अपनी लड़की वैष्णवी जो 02 साल की है को लेकर गई है कायमी कर जाँच में लिया गया।



**गुमशुदा का हुलिया** – रंग गोरा, चेहरा लम्बा, बदन सामान्य कद करीबन 05 फिट, 04 इंच। **पहचान का निशान** – दाहिने हाथ की कलाई पर गुदना से 5 स्टार व अंग्रेजी मे B एवं हिन्दी मे मीना लिखा है। **पहनाबा**– पीले रंग का सलवार सूट पहने है गले मे मंगलसूत्र व पैरों में चांदी की पायल व चप्पल पहने है।

जानकारी मिलने पर थाना टीलाजमालपुरा के दूरभाष क्र. 7587601815 एवं जाँचकर्ता का दूरभाष नं. 9993336302 पर सूचित करें।

G-22107/24 थाना प्रभारी, थाना टीलाजमालपुरा भोपाल

# 2026 एशियाड में नहीं होगा खेल गांव होटल और क्रूज में रहेंगे खिलाड़ी

**नई दिल्ली. एजेंसी**

जापान के आइची-नागोया प्रांत में आयोजित होने वाले 2026 एशियाई खेलों में खेल गांव नहीं होगा और खिलाड़ियों को होटलों तथा क्रूज जहाजों में ठहराया जाएगा। एशियाई खेलों में यह पहली बार होगा जब खिलाड़ियों के लिए कोई खेल गांव नहीं होगा। एशिया ओलंपिक परिषद की 44वीं आम सभा के दौरान जापान ओलंपिक समिति के पूर्व अध्यक्ष त्सुनेकाजू ताकेदा ने बताया कि आइची प्रांत और नागोया शहर में होने वाले आयोजन में कोई खेल गांव नहीं बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, हमने होटलों के अलावा 4,000 एथलीटों और अधिकारियों के लिए क्रूज जहाजों की व्यवस्था की है।

**दो प्रांतों में खेलों का आयोजन:** ताकेदा ने खेलों की तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा, हमारे पास खेल गांव नहीं होगा क्योंकि खेल दो प्रांतों में आयोजित किए जाएंगे। इसके बजाय हम एथलीटों और गणमान्य व्यक्तियों को होटलों और क्रूज जहाजों में ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। एशियाई खेलों की मेजबानी करना बड़े गर्व की बात है। अलग-अलग प्रांत में होने से दो जगह खेल गांव बनाना संभव नहीं है।

**कुवैत व फिलिस्तीन ने जताई चिंता:** ताकेदा का यह विचार हालांकि कुवैत और फिलिस्तीन जैसे कई ओसीए सदस्यों को पसंद नहीं आया, जिन्होंने चिंता जताई और कहा कि ऐसा कदम खेलों की भावना के अनुरूप नहीं होगा। इन देशों के अलावा नवनिर्वाचित ओसीए अध्यक्ष रणधीर सिंह भी इस विचार से खुश नहीं हैं।



### टीम व व्यक्तिगत स्पर्धाओं में कम होगी भागीदारी


ओसीए अध्यक्ष रणधीर सिंह ने संकेत दिया कि हम टीम के साथ-साथ व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भागीदारी की संख्या कम करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछली बार 40 खेलों में 15,000 एथलीटों ने भाग लिया था। पिछली बार फुटबॉल में 32 टीमें थीं लेकिन इस बार हम इस संख्या को शीर्ष आठ टीमों की तरह सीमित करना चाहेंगे। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत आयोजनों में भी ऐसा होगा। हमें संख्याओं को सीमित करने की आवश्यकता है। एक देश से दो या तीन से अधिक प्रतिनिधित्व नहीं हो सकते।

# ओलिंपिक: 2036 की मेजबानी के लिए भारतीय दावेदारी पेश

## मंजूरी मिली तो अहमदाबाद में होंगे गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स होस्ट किए

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश कर दी है। इसके तहत इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन ने इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल को लेटर लिखा है। गेम्स अहमदाबाद के सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो सकते हैं। केंद्रीय खेल मंत्रालय में मौजूद दैनिक भास्कर के सूत्रों ने पुष्टि की है कि भारत सरकार ने एक अक्टूबर को लेटर ऑफ इंटेंट के जरिए ढ्ढह्रष्ट से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की है। यदि भारत ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी हासिल कर लेता है, तो यह पहला मौका होगा, जब यहां ओलिंपिक गेम्स का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री ने लाल किले से कहा था- भारत ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी करेगा। 3 महीने पहले पेरिस में आयोजित ओलिंपिक गेम्स में इंडियन प्लेयर्स ने एक सिल्वर समेत 6



मेडल जीते थे। 2032 तक के मेजबान तय हैं, 2036 के लिए बिडिंग होगी 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लॉस एंजिलिस में होने हैं। 2 एशियन और एक कॉमनवेल्थ गेम्स करा चुका है भारत भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। देश ने आखिरी बार 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। इससे पहले भारत में 1982 और 1951 के एशियन गेम्स भी कराए जा चुके हैं।

### कबड्डी, शतरंज और क्रिकेट भी हो सकते हैं ओलंपिक में शामिल

यह भी पता चला है कि यदि भारत को मेजबानी मिलती है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को शामिल करने पर जोर देगा. भारतीय खेल प्राधिकरण के मिशन ओलंपिक सेल (स्न्ह्रष्ट) ने नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया को ओलंपिक मेजबानी हासिल करने के लिए आवश्यक उपायों पर एक विस्तृत रिपोर्ट भी पेश की है. इस रिपोर्ट में एमओसी ने छह खेलों की पहचान की है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जाएगा. इन खेलों में योग, खो खो, कबड्डी, शतरंज, टी20 क्रिकेट और स्क्वाश शामिल हैं. हालांकि पीटी उषा का आईओए के कार्यकारी परिषद के सदस्यों के साथ विवाद चल रहा है. उषा आईओए सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति के मामले में कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों के साथ विवाद में उलझी हुई हैं. उन्होंने स्वीकार किया कि आगे की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी. लेकिन आईओए कुछ आंतरिक चुनौतियों के बावजूद 2036 के ग्रीष्मकालीन खेलों की मेजबानी के लिए दृढ़ प्रतिबद्ध है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 2036 ओलंपिक की मेजबानी की अपनी सरकार की इच्छा जताई थी. उषा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल आईओसी सत्र के दौरान 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक की मेजबानी के लिए भारत का पक्ष सामने रखा था. तब से हमने आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक और भविष्य के मेजबान आयोग के अधिकारियों के साथ नियमित संचार बनाए रखा है.

# साउथ अफ्रीका के आठ वेन्यू पर खेला जाएगा 2027 वर्ल्ड कप

## वेन्यू सोच-समझकर चुने गए, नामीबिया में पहली बार मुकाबले

**पेरिस, एजेंसी**

वर्ल्ड कप 2027 के लिए साउथ अफ्रीका ने अपने आठ वेन्यू की घोषणा कर दी है। 2027 में वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी तीन देश, साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। टूर्नामेंट अक्टूबर और नवंबर में खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका में वेन्यू की मेजबानी के लिए आठ स्टेडियम की पुष्टि की गई है। इसमें जोहान्सबर्ग का वांडरर्स, प्रिटोरिया में सेंचुरियन पार्क, डरबन में किंग्समीड, गकेबरहा में सेंट जॉर्ज पार्क, पार्ल में बोलैंड पार्क और केप टाउन में न्यूलैंड्स मेन वेन्यू होंगे। जबकि ब्लूमफोन्टेन में मैंगांग ओवल और ईस्ट लंदन में बफैलो पार्क भी वर्ल्ड कप के इवेंट्स की मेजबानी करेगा। साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे दूसरी बार वनडे वर्ल्ड कप होस्ट करेंगे।

**वेन्यू के पास होटल-एयरपोर्ट जरूरी :** क्रिकेट साउथ अफ्रीका के फोलेत्सी मोसेकी ने वेन्यू के चयन के बारे में बात करते हुए कहा कि आयोजन स्थलों के साथ-साथ उन्हें होटल के कमरों और एयरपोर्ट की उपलब्धता पर भी ध्यान देने की जरूरत है। साउथ अफ्रीका के मीडिया ऑर्गनाइजेशन, न्यूज 24 से बात करते हुए उन्होंने बताया, मैदान चुनने की प्रोसेस सोच-समझकर की गई है। इसमें होटल के कमरों की संख्या और एयरपोर्ट की उपलब्धता भी शामिल थी।



**नामीबिया को मिला पहली बार मौका:** यह इतिहास में दूसरी बार होगा जब साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करेंगे। इससे पहले दोनों देश 2003 में भी वर्ल्ड कप की मेजबानी कर चुके हैं। हालांकि, यह पहली बार होगा कि नामीबिया को टूर्नामेंट की मेजबानी करने का मौका दिया गया है।

**2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए कैसे क्वालीफाई करेंगी टीमें:** 2027 में साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए के लिए क्वालिफिकेशन को स्पष्ट कर दिया है। इस वर्ल्ड कप में 14 टीमें भाग लेंगी। साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे होस्ट कंट्री होने की वजह से डायरेक्ट क्वालीफाई करेंगी। जबकि 8 टीमें उस समय के वनडे वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई करेंगी। वहीं 4 टीमें ग्लोबल क्वालिफायर टूर्नामेंट के तहत चुनी जाएंगी।

# गुकेश पर बरसा पैसा, बीते साल सर्वाधिक कमाई करने वाले शतरंज खिलाड़ी बने

**नईदिल्ली. एजेंसी**

कुछ साल पहले तक यह माना जाता था कि शतरंज में पैसा नहीं है और खिलाड़ियों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ता है, लेकिन अब ऐसा नहीं है और इसका बड़ा उदाहरण भारत के 18 वर्षीय युवा खिलाड़ी डी गुकेश हैं। भारतीय खिलाड़ी के लिए पिछला साल सपने सरीखा रहा और वह सबसे युवा विश्व चैंपियन बने। एक रिपोर्ट के अनुसार, गुकेश 2024 में सर्वाधिक कमाई करने वाले शतरंज खिलाड़ी भी बने। उन्होंने विश्व के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को भी पीछे छोड़ दिया है। नॉर्वे के 34 वर्षीय मैगनस कार्लसन चेस इतिहास में सर्वाधिक इनामी राशि जीतने वाले खिलाड़ी है। वहीं, भारत के दिग्गज विश्वनाथन आनंद दूसरे पायदान पर कायम हैं। साल 2024 में पूरे विश्व में कुल 17 खिलाड़ी ऐसे रहे, जिन्होंने कम से कम 01 लाख डॉलर (86.56 लाख) की इनामी राशि जीती। साल 2024 में गुकेश ने करीब 20 करोड़ रुपए



की कमाई की है। इसमें 13.6 करोड़ रुपए की इनामी राशि भी शामिल है, जो उन्हें विश्व चैंपियन बनने पर मिली थी। गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चेस चैंपियनशिप का खिताब जीता था। इस जीत पर तमिलनाडु सरकार ने भी उन्हें पांच करोड़ रुपए की इनामी राशि दी थी। वहीं, एक कंपनी ने उन्हें मर्सिडीज बेंज गाड़ी गिफ्ट की थी। चेस ओलंपियाड जीतने पर गुकेश को 25 लाख रुपए मिले थे।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

# पूजा हेगड़े बोली- 'अब दर्शक अल्फा फीमेल देखेंगे' फिल्म 'देवा' में शाहिद के साथ आएंगी नजर

हाल ही में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े अपनी अपकमिंग फिल्म 'देवा' के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचे। इस दौरान एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने कहा कि इस फिल्म में हीरो ही अल्फा मेल कैरेक्टर नहीं है बल्कि हीरोइन भी उसकी टक्कर की है। साल 2025 के शुरुआती महीने में एक्ट्रेस पूजा हेगड़े फिल्म 'देवा' में शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर एक्ट्रेस पूजा हेगड़े पूरी टीम और शाहिद कपूर के साथ मौजूद दिखीं। ट्रेलर लॉन्च पर फिल्म को लेकर और अपने किरदार को लेकर एक जरूरी



डिटेल एक्ट्रेस पूजा ने शेयर की। वह अपने किरदार को हीरो यानी शाहिद कपूर के किरदार देवा की टक्कर का बता रही हैं। फिल्म 'देवा' में पूजा हेगड़े ने दीया नाम की जर्नलिस्ट का रोल किया है। पूजा हेगड़े ट्रेलर लॉन्च पर कहती हैं- 'फिल्म में देवा यानी शाहिद कपूर के बराबर की टक्कर का मेरा किरदार है। अब तक दर्शकों ने अल्फा मेल कैरेक्टर फिल्मों में देखे हैं, लेकिन अब आप अल्फा फीमेल कैरेक्टर भी देखेंगे। फिल्म में माफिया या पुलिस वाले का टैग, दीया ही बतौर जर्नलिस्ट देवा को देती है।' 'देवा' के ट्रेलर लॉन्च पर ही पूजा से सवाल किया गया कि वह क्रासओवर एक्ट्रेस हैं यानी वह साउथ और हिंदी भाषाओं की फिल्में करती हैं। इस पर पूजा का कहना था कि इस बात से वह काफी खुश हैं। वह मुंबई में बड़ी हुईं, साउथ से बिलॉन्ग करती हैं। ऐसे में उनके लिए हर जगह काम करना काफी आसान है। फिल्म 'देवा' के अलावा भी पूजा हेगड़े की इस साल कुछ और फिल्में भी आएंगी, जिसमें 'रेट्रो', 'थलापति 69' जैसी फिल्में शामिल हैं। थलापति 69 में वह साउथ एक्टर विजय के साथ नजर आएंगी।

# अनवर में दीप्ति के छोटे रोल से बनीं मिर्जापुर की बीना त्रिपाठी

मिर्जापुर वेब सीरीज में बिना त्रिपाठी और दिल्ली क्राइम में नीति सिंह के अलावा भी रसिका दुग्गल ने अपने करियर में कई बेहतरीन किरदार निभाए हैं। रसिका दुग्गल इन दिनों अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। मिर्जापुर में रसिका ने बिना त्रिपाठी का किरदार निभाया, जो मिर्जापुर सीरीज के हर एक प्रशंसक का पसंदीदा किरदार बन चुका है। रसिका ने बिना से पहले भी कई फिल्मों और सीरीज में बेहतरीन किरदार निभाए हैं, जिनमें उनके जबर्दस्त अभिनय ने दर्शकों का दिल जीता है। मिर्जापुर क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में रसिका दुग्गल ने कालीन भैया की दूसरी पत्नी का किरदार निभाया था। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस सीरीज में बिना त्रिपाठी के किरदार से रसिका ने सभी का दिल जीत लिया है। रसिका दुग्गल का जन्म 17 जनवरी 1985 को बिहार में हुआ। रसिका वैसे तो कई भारतीय फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। 2007 में रसिका ने फिल्म अनवर में एक छोटी भूमिका के साथ स्क्रीन पर शुरुआत की थी। इस फिल्म में रसिका ने दीप्ति नाम का किरदार निभाया था। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म थी, जिसे मनीष झा ने लिखा और निर्देशित किया है। रसिका के अलावा इस फिल्म में सिद्धार्थ कोइराला और मनीषा कोइराला के साथ राजपाल यादव और नौहीद सिरुसी भी नजर आए। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस क्राइम सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में रसिका दुग्गल के काम ने दर्शकों का दिल जीतने में जरा सी भी कसर नहीं छोड़ी। इस सीरिज को रिची मेहता ने लिखा और निर्देशित किया है।

# हीरोइन पूरी फिल्म में बस तैयार हो रही थी, कंगना ने बताई 'पद्मावत' ठुकराने की वजह

साल 2018 में आई दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म पद्मावत कंगना रनौत को ऑफर हुई थी। मगर, उन्होंने प्रस्ताव ठुकरा दिया। हाल ही में अभिनेत्री ने इसकी वजह बताई है। कंगना रनौत ने बॉलीवुड में अपनी खास जगह बनाई है। कई चर्चित फिल्मों का हिस्सा रहीं कंगना रनौत को संजय लीला भंसाली ने अपनी साल 2018 में आई फिल्म पद्मावत के लिए ऑफर दिया था। मगर, कंगना ने ऑफर ठुकरा दिया। हाल ही में उन्होंने इसकी वजह बताई है।



### सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर जताई चिंता

कंगना रनौत ने हाल ही में एक बातचीत में बॉलीवुड फिल्मों में महिलाओं की भूमिकाओं और बॉलीवुड में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की आलोचना की। उन्होंने संजय लीला भंसाली की 'पद्मावत' को लेकर भी कहा कि इसमें उन्हें महिला प्रतिनिधित्व की कमी लगी। मालूम हो कि यह किरदार फिर दीपिका पादुकोण ने अदा किया। बॉलीवुड में महिलाओं के सीमित और अक्सर रूढ़िवादी किरदारों पर उन्होंने निराशा जताई। कंगना ने अजीत भारती से बातचीत में यह कहा। कंगना ने कहा, मुझे 'पद्मावत' भी ऑफर हुई थी। मैंने संजय लीला भंसाली से स्क्रिप्ट मांगी, लेकिन उन्होंने कहा कि वह कभी स्क्रिप्ट शेयर नहीं करते हैं। फिर मैंने उनसे हीरोइन की भूमिका के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ खास नहीं है, हीरोइन की भूमिका बस इतनी है कि हीरो उसे तैयार होते समय आईने में देखता है। और जब मैंने फिल्म देखी, तो मैंने देखा कि पूरी फिल्म में वह बस तैयार हो रही है। भंसाली सही थे। हीरोइन बस तैयार हो रही है। कंगना ने कहा कि बॉलीवुड में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिकाओं की बहुत कमी है। इस पर बात करते हुए वे बोलीं, नामी निर्देशक महिलाओं को अच्छी भूमिकाओं में नहीं दिखाते हैं और इन दिनों हीरोइनों को जिस तरह की भूमिकाएं मिल रही हैं, वे अपमानजनक हैं।



**मेट्रो बाजार**

# खाद्य वस्तुओं के कीमतों पर नजर पुनरुद्वार योजना को दी मंजूरी

**मुंबई, एजेंसी**

उपभोक्ताओं और किसानों के हित में मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए समय पर निर्णय ले रही है। अच्छी मानसूनी बारिश और अनुकूल मौसम के कारण दालों और प्याज का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ने का अनुमान है। सरकार उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता और कीमतों पर कड़ी निगरानी रख रही है ताकि कीमतें स्थिर बनी रहें। केंद्र ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। सरकार के अनुसार खाने-पीने के चीजों की उपलब्धता और उनकी सही कीमतें सुनिश्चित करने के लिए घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने और आयात व



निर्यात नीतियों से जुड़े उपाय किए जा रहे हैं। खाद्य मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, केंद्र सरकार उपभोक्ताओं और किसानों के हित में मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए समय पर निर्णय ले रही है। तुअर उत्पादन 35.02 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 34.17 लाख टन उत्पादन से 2.5 प्रतिशत अधिक है। कृषि मंत्रालय ने तुअर की खरीद के लिए मंजूरी जारी कर दी है। अधिक बुवाई के कारण खरीफ और देर खरीफ प्याज का उत्पादन अच्छा रहने का अनुमान है। इसी प्रकार, रबी प्याज की बुवाई भी अच्छी चल रही है। खाद्य मुद्रास्फीति अक्तूर के 10.87 प्रतिशत से घटकर दिसंबर 2024 में 8.39 प्रतिशत हो गई। सरकार ने आरआईएनएल पुनरुद्धार योजना को 11,440 करोड़ रुपये की मंजूरी दी केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्ज के बोझ से दबी राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के लिए 11,440 करोड़ रुपये की पुनरुद्धार योजना को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आरआईएनएल के लिए 11,440 करोड़ रुपये की पुनरुद्धार योजना को मंजूरी दे दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार इस पैकेज से आरआईएनएल की कई पुरानी समस्याएं हल हो जाएंगी।

# निष्क्रिय ईपीएफ खातों से पैसे निकालने-ट्रांसफर के नियम हुए और सख्त, केवाइसी अपडेट करना होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने निष्क्रिय पीएफ खातों से अनधिकृत रकम की निकासी पर अंकुश लगाने के लिए नए नियम लागू किए हैं। नए नियमों के तहत डिएक्टिवेट खातों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एओपी) में संशोधन किया गया है, जिसमें सख्त सत्यापन का अनुपालन शामिल है। ईपीएफओ ने पीएफ खातों को दो वर्गों में वर्गीकृत किया है। पहला, कम लेन-देन वाले खाते और दूसरा, निष्क्रिय खाते। दोनों खातों में किसी भी निकासी या ट्रांसफर से पहले अब ईपीएफ सदस्यों को सत्यापन की सख्त प्रक्रिया से गुजरना होगा। कम लेन-देन वाले खाते वे माने जाएंगे जिनमें एक तय अवधि ब्याज को छोड़कर कोई जमा या निकासी नहीं हुई है। नियमों के मुताबिक, जिन ईपीएफ अकाउंट में यूएएन पहले से जुड़ा हुआ है, लेकिन सही केवाइसी जानकारी नहीं है, उन सदस्यों को केवाइसी अपडेट कराना होगा। सब्सक्राइबर यह काम अपने नियोक्ता के माध्यम से करा सकते हैं या सीधे ईपीएफओ कार्यालय जाकर केवाइसी अपडेट करा सकते हैं। यूएएन बनाना और केवाइसी को अपडेट की प्रक्रिया अब ईपीएफ खाते में उपलब्ध राशि पर निर्भर करेगी, जिसमें खाते के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से मंजूरी आवश्यक होगी। नए एसओपी के तहत निष्क्रिय खाते को सक्रिय करने के लिए कड़ी सत्यापन प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रक्रिया में डिजिटल और भौतिक रेकॉर्ड का सत्यापन शामिल है।

## मंगेतर ने किया युवती से दुष्कर्म



**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके मंगेतर के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोपी ने शादी तय होने के बाद युवती का शोषण करना शुरू कर दिया। अगले महीने दोनों की शादी होने वाली थी, लेकिन उसके पहले ही मंगेतर ने शादी करने से इंकार कर दिया। दोनों परिवारों के बीच हुई बातचीत के बाद भी जब युवक शादी के लिए तैयार नहीं हुआ तो पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 26 वर्षीय युवती घरेलू काम करती है। करीब दो साल पहले परिवार वालों ने उसकी शादी पान की दुकान चलाने वाले युवक के साथ तय कर दी थी। अप्रैल 2023 में दोनों की सगाई भी हो गई थी। सगाई होने के बाद युवक और युवती के बीच बातचीत होने लगी और वह एक-दूसरे से मुलाकात भी करने लगे। जनवरी 2024 में मंगेतर युवती के घर पहुंचा और जल्द ही शादी करने का झांसा देते हुए उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। उसके बाद वह अक्सर युवती का शारीरिक शोषण करने लगा। इस साल फरवरी महीने में दोनों की शादी होने वाली थी, जिसके लिए युवती के परिवार वाले तैयारियों में जुटे हुए थे।

## युवक का रास्ता रोककर मारपीट

**भोपाल।** रातीबड़ इलाके में रहने वाले एक युवक का अकारण दो युवकों ने रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार संतोष लालवानी (38) न्यू विशाल नगर नीलबड़ में रहते हैं और जवाहर चौक पर एक जूस की दुकान पर काम करते हैं। पिछले दिनों वह रात करीब साढ़े दस बजे दुकान से घर लौट रहे थे। विशाल नगर फेस-1 के पास दो लड़कों ने उन्हें रोक लिया। दोनों कहने लगे कि हमारा मोबाइल फोन अभी यहां गुम गया जो तुम्हारे पास है, इसलिए मोबाइल वापस करो। संतोष ने बताया कि उनके पास कोई मोबाइल नहीं है। इस पर दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे।

## इलेक्ट्रिक रिक्शे की टक्कर से महिला घायल

**भोपाल।** टीला जमालपुरा इलाके में इलेक्ट्रिक रिक्शे की टक्कर से स्कूटर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक समरीन पत्नी अमीन (30) हाउसिंग बोर्ड कालोनी थाना निशातपुरा में रहती हैं और घरेलू काम करती हैं। मंगलवार की रात को वह अपनी स्कूटर से चौक बाजार से घर लौट रही थी। रात करीब नौ बजे समरीन जैसे ही काजीकैंप स्थित भारत पेट्रोल पंप के सामने पहुंची, वैसे ही पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक रिक्शा चालक ने उनकी स्कूटर में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही समरीन स्कूटर समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गई।

## गणतंत्र दिवस में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए विशेष चेकिंग अभियान

**भोपाल।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस में सुरक्षा व्यवस्था और अपराधों की रोकथाम के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में अलग- अलग थाना प्रभारी व स्टाफ द्वारा चेकिंग पाइंट लगाए गए। इस दौरान नाकाबंदी कर संदिग्धों एवं वाहनों की सघनता से चेकिंग की गई। वाहनों को वीडीपी पोर्टल के माध्यम से चेक किया गया। साथ ही थाना क्षेत्र के सभी वित्तीय संस्थान बैंक, एटीएम एवं धार्मिक संस्थानों को नियमित रूप से चेक किया जा रहा है।

## बाइक की टक्कर से लिफ्ट ऑपरेटर की मौत

**भोपाल।** चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हेल्थ मिशन दफ्तर के सामने बाइक की टक्कर से घायल हुए लिफ्ट ऑपरेटर की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले बाइक सवार की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार जितेंद्र मालवीय पिता अशोक मालवीय (47) भोईपुरा, तलैया में रहते थे। वह एनएचएम में लिफ्ट आपरेटर बतौर काम करते थे। गत 21 जनवरी की रात करीब साढ़े 7 बजे के आसपास वह दफ्तर से बाहर निकले। उन्हें पत्रकार कॉलोनी जाना था। वे गेट से बाहर निकलकर कुछ कदम आगे बढ़े थे, तभी आफिस के सामने ही एक बाइक सवार ने तेजी और लापरवाही से बाइक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे सड़क पर गिर गए थे। गेट के चौकीदार ने हादसा देखा और वह जितेंद्र मालवीय के पास पहुंचा। उन्हें गंभीर चोट थी। गार्ड ने एंबुलेंस की मदद से जितेंद्र को अस्पताल पहुंचाया, वहां से परिजन ने उन्हें भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल ले गए। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई। उन्हें सिर में गंभीर चोट थी। इधर टक्कर मारने वाला बाइक सवार बाइक उठाकर भाग निकला। पुलिस टक्कर मारने वाले बाइक सवार की तलाश कर रही है।



## पत्थर से भरा ट्रक पलटा, दो युवक घायल

**भोपाल।** गुनगा इलाके में पत्थर से भरा ट्रक पलटने से काम कर रहे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अभिषेक अहिरवार पुत्र मुकेश अहिरवार (20) ग्राम रतुआ रतनपुर थाना गुनगा का रहने वाला है और ग्राम पारदी स्थित पचौरी स्टोन क्रेशर पर काम करता है। बीती पंद्रह जनवरी की दोपहर को वह अपने साथी समीर के साथ यहां एक ट्रक पर काम कर रहा था। इसी दौरान चालक ने लापरवाही से ट्रक को चलाया, जिससे पत्थर से भरा ट्रक पलट गया। इस हादसे में अभिषेक के सिर तथा पैर में गंभीर चोट आई, जबकि समीर को मुंह और दोनों पैरों में चोट पहुंची।

### ईंटखेड़ी पुलिस ने चेक किए सीसीटीवी कैमरे फुटेज बैरसिया की तरफ आई नजर

# कार डीलर के ऑफिस के सामने से बोलेरो वाहन हो गया चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र में कार डीलर के ऑफिस के बाहर खड़े दो दर्जन वाहनों के साथ खड़ा बोलेरो वाहन अज्ञात बदमाशों ने चुरा लिया। घटना करीब पांच दिन पुरानी है।**

पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि बोलेरो वाहन बैरसिया की तरफ गया है। बैरसिया में आखिरी लोकेशन मिलने के बाद से बोलेरो का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इधर, बजरिया थाना क्षेत्र में मस्जिद के सामने खड़ा आटो अज्ञात चोर ने चुरा लिया।

पुलिस के अनुसार लांबाखेड़ा, बैरसिया निवासी अनिल साहू का लांबाखेड़ा में कार डीलिंग का ऑफिस है। वे बैंक से खिची हुई गाड़िया खरीदकर बेचते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि ऑफिस के बाहर मुख्य सड़क पर उनके करीब दो दर्जन वाहन खड़े हैं। पांच दिन पूर्व किसी वाहनों के साथ खड़ी पुरानी बोलेरो चुरा ली। बोलेरो में बैट्री भी नहीं थी।

अनुमान है कि चोर अपने साथ बैट्री लेकर पहुंचे थे। उन्होंने घटना की शिकायत ईंटखेड़ी पुलिस से की। पुलिस ने घटनास्थल के



आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो कुछ संदिग्ध नजर आए। सीसीटीवी का रूटमैप तैयार किया गया तो बोलेरो आखिरी बार बैरसिया में दिखी। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज नहीं मिले। पुलिस की एक टीम बोलेरो वाहन और चोरों का पता लगाने बैरसिया भेजी गई है। टीम राजगढ़ और विदिशा सहित रायसेन में वाहन की तलाश कर रही है।

इधर बजरिया पुलिस ने तोहिद खान की शिकायत पर आटो चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। तोहिद खान ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 10 जनवरी को उन्होंने अपना आटो सराय सिकंदरी में मस्जिद के पास खड़ा किया था। कोई अज्ञात चोर उनका आटो चुराकर ले गया।

## विभिन्न स्थानों से एक दर्जन दोपहिया वाहन चोरी

### राजधानी में नहीं थम रही वाहन चोरी की वारदातें

**भोपाल।** राजधानी में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं नहीं थम रही हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान शहर के विभिन्न इलाकों से बदमाश करीब एक दर्जन दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल एक भी वारदात के आरोपियों का सुराग नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार सारा गैस एजेंसी रोज बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी गोविंद जाटव प्रायवेट काम करते हैं। पिछले दिनों उन्होंने होंडा साईन मोटर सायकिल घर के सामने खड़ी की थी। अगले दिन सुबह देखा तो बाइक गायब थी। मकान मालिक से पूछने पर उन्होंने बाइक की कोई जानकारी नहीं होना बताया। आसपास तलाश करने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला तो गोविंद ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर ऐशबाग स्थित करतार आर्केट के सामने मजहर खान, शास्त्री नगर जवाहर चौक से पायल यादव की स्कूटर, खटीकपुरा बुधवारा से आमिर खान, जैन नगर लालघाटी कोहेफिजा से किंजल चौहान की स्कूटर चोरी हो गई। इसी प्रकार सनराईज कालोनी शाहजहांनाबाद से मुनव्वर खान, शारदा नगर गौतम नगर से मुरारी अहिरवार, शिवनगर फेस-3 छोला मंदिर से राजकुमार चौरसिया और कलियासोत डेम चूनाभट्टी से कौशल सिंह ठाकुर की बाइक चोरी चली गई। इसी प्रकार शिवाजी नगर एमपी नगर से स्वप्निल कुमार जैन, इमामबाड़ा रोड कोतवाली से भरत गुप्ता, इस्लामी



गेट टीला जमालपुरा से मुजीब खान, चूनाभट्टी स्थित शाहपुरा से प्रवीण पारदी और कजलीखेड़ा कोलार रोड से राजा अहिरवार की बाइक चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## लापता वैज्ञानिक सकुशल अपने निवास उज्जैन पहुंचे, परिजन ने कराई थी गुमशुदगी

**भोपाल से विभाग के काम का कहकर निकले थे वैज्ञानिक, कोलार पुलिस ने दर्ज की थी गुमशुदगी**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोलार रोड थाना क्षेत्र से लापता वैज्ञानिक चार दिन बाद सकुशल अपने गृहनगर उज्जैन पहुंच गए। वह भोपाल से दिल्ली में विभागीय इंटरव्यू देने का कहकर निकले थे, लेकिन उसके बाद परिवार से उनका कोई संपर्क नहीं हो सका। अनहोनी की आशंका होने पर परिजन ने उनकी गुमशुदगी कोलार थाने में दर्ज कराई थी। वापस लौटने के बाद पता चला कि वैज्ञानिक का दिल्ली में बैग गुम गया था, बैग में मोबाइल भी गुम हुआ था और उनका परिजन से संपर्क नहीं हो सका।

जानकारी के अनुसार राजहर्ष कालोनी स्थित समीर हाईट्स में रहने वाले पंकज मोहन (51) फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) में वैज्ञानिक हैं. बीती 18 जनवरी की शाम को वह दिल्ली जाने के लिए घर से निकले थे। अगले दिन 19 जनवरी को दिल्ली में उनका विभागीय इंटरव्यू होना था। दिल्ली पहुंचने के बाद से उनका




संपर्क परिजन से नहीं हुआ। काफी प्रयास के बाद भी जब पंकज से बातचीत नहीं हो सकी तो बीस जनवरी की रात करीब साढ़े 11 परिजन कोलार थाने पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने जब पंकज के मोबाइल की काल डिटेल निकाली तो उसकी लास्ट लोकेशन दिल्ली एक स्टेशन पर मिली थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि उन्होंने दिल्ली स्थित एक एटीएम से ट्रांजेक्शन भी किया था। उसके बाद पुलिस की एक टीम दिल्ली के लिए रवाना की गई।

### चार दिन बाद सकुशल पहुंचे घर वैज्ञानिक

चार दिन बाद सकुशल अपने घर उज्जैन पहुंच गए। उन्होंने कोलार पुलिस को मोबाइल पर बताया कि दिल्ली में उनका एक बैग गुम गया था, जिसके अंदर मोबाइल और जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। इंटरव्यू वाला कॉल लेटर भी उसी बैग था, जिसके कारण वह इंटरव्यू भी नहीं दे सके।

## आधा दर्जन बदमाशों ने ढाई घंटे के भीतर दो युवकों से की मारपीट, चाकूबाजी, बेसबॉल से हमला

**टीटी नगर स्टेडियम में कैफे में काम करने वाले युवक को पीटा, आठ दुकान में सिगरेट नहीं देने पर व्यापारी पर जानलेवा हमला**

**टीटी नगर का निगरानी बदमाश हैं मुख्य आरोपी, अन्य कमला नगर थाने के निगरानी**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

टीटी नगर स्टेडियम के पास और आठ दुकान में आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवक समेत व्यापारी से मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने दोनों वारदात महज ढाई घंटे के भीतर की। वे हाथ में चाकू बेस बॉल के डंडे लेकर पहुंचे थे। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ, मारपीट, चाकूबाजी, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम का गठन भी किया है। वारदात को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी टीटी नगर का निगरानी बदमाश है, जबकि उसके गुर्गे कमला नगर में गुंडा लिस्ट में शामिल है।



पुलिस के अनुसार तलैया निवासी 30 साल का आशीष अहिरवार, टीटी नगर स्टेडियम के पास एक कैफे में काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि बुधवार शाम करीब चार बजे वह कैफे पर अकेला था। इसी बीच वहां रोहित कबीरपंथी उर्फ बाली, चीनू, अभय सोनी, हनि और उसके साथी पहुंचे और पुराने विवाद की बात करते हुए उसे दुकान के बाहर खीच लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। आरोपियों ने उसके साथ बेस बॉल के डंडे और चाकू से मारपीट की थी। चाकू का हमला हाथ से रोकने के कारण उसके हाथ की कलाई में चोट आई है। आशीष अहिरवार ने पुलिस को बताया कि तीन दिन पूर्व भी आरोपी उसकी दुकान पर पहुंचे और विवाद किया था। अधमरा करने के बाद छोड़ा घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में आधा दर्जन बदमाश आशीष के साथ मारपीट करते हुए नजर आ रहे है। उसे सड़क पर पटकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। जब वह बेसुध हो गया तो आरोपी वहां से भाग निकले। सिगरेट नहीं देने पर चाकू से हमला वारदात से करीब ढाई घंटे बाद आरोपी आठ दुकान पहुंचे, वहां सरस्वती नगर निवासी 31 साल के रोहित बाधवानी से एक युवक ने सिगरेट मांगी। रोहित बाधवानी ने उसे कहा कि वे दुकान में सिगरेट नहीं रखते हैं आगे वाली दुकान से सिगरेट ले लो। इस पर आरोपी भड़क गया और वहां चला गया।

**मेट्रो एंकर**

### घटना के समय शासकीय आवास में थे कर्मचारी, बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

# मंत्रालय कर्मचारी के सूने मकान से लाखों की चोरी, अपर मुख्य सचिव के घर चोरी का प्रयास

भोपाल, दोपहर मेट्रो

रातीबड़ स्थित बालाजी नगर में मंत्रालय में पदस्थ कर्मचारी के सूने मकान से चोर 87 हजार रुपए की नगदी समेत सोने-चांदी के जेवरात चुराकर ले गए। घटना के समय कर्मचारी तुलसी नगर स्थित अपने शासकीय आवास पर थे। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। इधर हबीबगंज स्थित चार इमली में अपर मुख्य सचिव के घर चोरी की नियत से बदमाश घुस गया।

पुलिस के अनुसार उपेंद्र जोशी (57) बालाजी नगर फेस-1, नीलबड़ में रहते हैं। वह वल्लभ भवन में सामान्य प्रशासन विभाग में एलडीसी-2 हैं। 17 जनवरी की रात करीब 11 बजे वह मकान के मुख्य गेट पर ताला लगाकर पत्नी और बेटी के साथ तुलसी नगर स्थित शासकीय आवास पर चले गए थे। देर रात उन्होंने बेटी को बाहर जाने के लिए ट्रेन में बिठाया और वापस शासकीय आवास में आकर रुक गए। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे पत्नी के साथ बालाजी नगर वाले मकान पर पहुंचे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी के पल्ले खुले थे और सामान बिस्तर पर बिखरा पड़ा था। इसी प्रकार ऊपरी मंजिल पर भी अलमारी खुली पड़ी थी और ताले टूटे थे। चैक करने पर अलमारी में



रखा सोने का मंगलसूत्र, सोने की चैन, सोने की बाली, टाइटन कंपनी की दो घड़ी और फोसिल कंपनी की एक घड़ी के अलावा 87 हजार रुपए नगदी नहीं थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की निरीक्षण करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### चार इमली में अपर मुख्य सचिव के घर घुसा बदमाश

इधर, हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित चार इमली में अपर मुख्य सचिव के घर चोरी की नीयत से बदमाश घुस गया। घर में मौजूद रिश्तेदार ने उसे ललकारा तो बदमाश मौके से भाग निकला। घटना के समय अपर मुख्य सचिव परिवार सहित बाहर थे। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन उच्च शिक्षा विभाग में पदस्थ हैं। वह चार इमली स्थित शासकीय आवास में रहते हैं।

## सब इंस्पेक्टर के साथ गांव पहुंचे सुरक्षा समिति सदस्य के साथ मारपीट, दांत से काटा

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम शाहपुर में सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंचे नगर सुरक्षा समिति के सदस्य के साथ ग्रामीण ने मारपीट करते हुए दांत से काट लिया। आरोपी को संदेह था कि सुरक्षा समिति का सदस्य उनकी मुखबिरी कर रहा था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम शाहपुर, बैरसिया निवासी विष्णु सेन (36) थाना बैरसिया में नगर सुरक्षा समिति के सदस्य हैं। विगत 20 जनवरी की शाम पांच बजे वह सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार के साथ उनकी बाइक से ग्राम कढ़ैया शाह गए थे। वहां एसआई ने विष्णु सेन को रामनिवास मीणा के खेतों की तरफ आरोपी बंटी मीणा की खोज-खबर लेने के लिए भेजा। रास्ते में बंटी मीणा का परिचित जगदीश मीणा मिल गया। विष्णु ने उससे पूछा कि बंटी मीणा का खेत कहां है। तब जगदीश गाली-गलौज करते हुए कहने लगा कि तू हमारी मुखबिरी करने आया है। उसने विष्णु सेन से मारपीट कर दी और दांत से हाथ की अंगुली में काट लिया। आरोपी जगदीश ने धमकी दी कि आईंदा मुखबिरी की करने आया तो जान से खत्म कर दूंगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022